
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



पैरा क्रिकेटर आमिर पर बनेगी बायोपिक, निशिल करेंगे निर्देशन

काले चश्मे ने जड़...

वर्ष : 12 | अंक : 143 | लखनऊ, 16 मई, शनिवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खाड़ी संघर्ष पर ईरानी विदेश मंत्री अराघची बोले

# भारत निभा सकता है सकारात्मक मध्यस्थता की भूमिका

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने भारत और ईरान के रिश्तों को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच गहरी मित्रता और मजबूत रणनीतिक सहयोग मौजूद है। उन्होंने भारतीय सरकार और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की मेहमाननवाजी की खुलकर सराहना की। अराघची ने कहा कि पिछले दो महीनों के दौरान, जब उनके देश पर आक्रामक कार्रवाई हो रही थी, तब भी भारत लगातार संपर्क में रहा। उन्होंने कहा कि भारत ने न सिर्फ कूटनीतिक समर्थन दिया बल्कि मानवीय सहायता के जरिए भी ईरानी जनता के साथ एकजुटता दिखाई। उन्होंने कहा कि हम भारत के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देते हैं। भारत हमेशा से इस क्षेत्र में संतुलित और सम्मानजनक भूमिका निभाता रहा है।

ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि भारत की छवि सभी देशों के बीच सकारात्मक है और वह शांति बहाली में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है। भारत फारस की खाड़ी के सभी देशों का मित्र है। हम चाहते हैं कि भारत इस क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने आगे आए

### सभी देशों के बीच भारत की छवि सकारात्मक

*भारत ने कूटनीतिक और मानवीय समर्थन दिया शुक्रिया*

*भारत इस क्षेत्र में हमेशा संतुलित भूमिका निभाता रहा*



ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और विदेश मंत्री एस. जयशंकर

अराघची ने पश्चिम एशिया संकट में भारत की भूमिका को बेहद अहम बताया। उन्होंने कहा कि भारत की छवि सभी देशों के बीच सकारात्मक है और वह शांति बहाली में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत फारस की खाड़ी के सभी देशों का मित्र है। हम चाहते हैं कि भारत इस क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने में आगे आए। उन्होंने कहा कि अगर भारत कोई सकारात्मक मध्यस्थता की भूमिका निभाता है तो ईरान उसका स्वागत करेगा।

### चाबहार पोर्ट भारत के लिए 'गोल्डन गेट'

अराघची ने कहा कि चाबहार पोर्ट भारत और ईरान के सहयोग का सबसे बड़ा प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से इस परियोजना की रफ्तार थोड़ी धीमी हुई है, लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि यह पोर्ट भारत के लिए मध्य एशिया, कॉकस और यूरोप तक पहुंच का गोल्डन गेट बनेगा।

### अराघची-जयशंकर मिले

जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची के साथ बातचीत की। विदेश मंत्री ने मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा कर लिखा कि ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से पश्चिम एशिया के हालात और उसके असर पर विस्तार से बात हुई।

## रूसी विदेश मंत्री ने जताया भरोसा

# भारत भी करा सकता है ईरान यूएस और यूएई के बीच बात

नई दिल्ली। ब्रिक्स बैठक में भाग लेने भारत दौरे पर आए रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने मीडिया ब्रीफिंग के दौरान भारत की कूटनीतिक भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच अगर लंबे समय के लिए किसी स्थायी मध्यस्थ की जरूरत पड़ती है, तो यह भूमिका भारत निभा सकता है। भारत के पास व्यापक कूटनीतिक अनुभव है और वैश्विक स्तर पर संवाद स्थापित करने की क्षमता भी है। लावरोव ने कहा कि भारत इस समय ब्रिक्स का अध्यक्ष है और वह दुनिया के बड़े ऊर्जा उपभोक्ता देशों में शामिल है। इसलिए क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखना भारत के सीधे हित में है। हाल में ईरान द्वारा यूएई पर किए गए हमलों के बाद भारत दोनों देशों को बातचीत की मेज पर ला सकता है।

### भारत को ऊर्जा आपूर्ति जारी रहेगी: लावरोव



लावरोव ने कहा कि मैं गारंटी दे सकता हूं कि रूस की ऊर्जा सप्लाई से जुड़े भारत के हित प्रभावित नहीं होंगे। रूस हरसंभव कोशिश करेगा कि कोई भी गलत कम्पटीशन भारत और रूस के समझौतों को नुकसान न पहुंचाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि रूस ने ऊर्जा क्षेत्र में कभी भी भारत या किसी दूसरे साझेदार के लिए अपनी जिम्मेदारियों को पूरी तरह से निभाया है। भारत को ऊर्जा की जरूरत है और रूस गैस, तेल और कोयले जैसे हाइड्रोकार्बन की आपूर्ति लगातार जारी रखे हुए है।

## खबर संक्षेप

### टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर एफआईआर

कोलकाता। टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ शुक्रवार को एफआईआर दर्ज की गई है। उनके खिलाफ बंगाल चुनाव प्रचार के दौरान भड़काऊ भाषण और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ धमकी भरा बयान देने का आरोप है। केस उत्तर 24 परगना जिले के बिधाननगर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता राजीब सरकार ने 5 मई को शिकायत दर्ज कराई थी। चुनाव नतीजे घोषित होने के एक दिन बाद यह शिकायत बागुईआटी पुलिस स्टेशन में दी गई।

### जवाद की याचिका पर ईडी से जवाब मांगा

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अल फलाह विवि समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी द्वारा धन शोधन मामले में दायर नियमित जमानत याचिका पर प्रवर्तन



निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने एजेंसी को नोटिस जारी कर उससे अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। अदालत ने सिद्दीकी की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई जुलाई में तय की है, जबकि अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई इस महीने के अंत में होगी में करने को कहा है। निचली अदालत ने दो मई को सिद्दीकी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

## प्रधानमंत्री मोदी की यूएई यात्रा: भारत और यूएई के बीच हुए कई समझौते

# भारत-यूएई संबंधों में नया अध्याय: रक्षा, ऊर्जा और पांच अरब डॉलर के निवेश पर हुए करार



राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आधिकारिक यात्रा की। दोनों देशों के बीच कई समझौते हुए। इसमें द्विपक्षीय रणनीतिक रक्षा साझेदारी, एलपीजी की आपूर्ति एवं रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व और भारत के आरबीएल बैंक, सम्मान कैपिटल और इन्फ्रास्ट्रक्चर में 5 अरब डॉलर का निवेश शामिल है।

इसके अलावा, दोनों देश के बीच गुजरात के वाडिनार में एक शिप रिपेयरिंग क्लस्टर को स्थापित करने के लिए समझौता हुआ है। अबू धाबी पहुंचने पर यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं के बीच हुई विस्तृत वार्ता में क्षेत्रीय सुरक्षा, ऊर्जा सहयोग, व्यापार, निवेश, रक्षा, फिनटेक, अवसंरचना, शिक्षा और सांस्कृतिक संबंधों समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

*पीएम मोदी ने यूएई पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की और लोगों के प्रति भारत की एकजुटता दोहराई। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया*

आने वाले वक्त में भारत और यूएई हर क्षेत्र में साथ मिलकर आगे बढ़ेंगे


पीएम मोदी और शेख मोहम्मद

### आरबीएल बैंक व इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में निवेश की घोषणा

दोनों नेताओं ने यूएई की कंपनियों द्वारा भारत में 5 अरब डॉलर निवेश की घोषणा का स्वागत किया। इसमें अमीरात न्यू डेवलपमेंट बैंक द्वारा आरबीएल बैंक ऑफ इंडिया में 3 अरब डॉलर, अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी द्वारा राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष (एनआईआईएफ) के साथ 1 अरब डॉलर तथा इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी द्वारा सम्मान कैपिटल में 1 अरब डॉलर निवेश शामिल है।

**सीईपीए समझौते की सफलता पर चर्चा:** दोनों नेताओं ने भारत-यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) की सफलता पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस समझौते के बाद दोनों देशों के बीच व्यापार नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है।

**सुपर कंप्यूटिंग और डिजिटल व्यापार पर भी सहयोग**

भारत के सी-डैक और यूएई की जी-42 के बीच 8 एक्साफ्लॉप सुपर कंप्यूट क्लस्टर स्थापित करने को लेकर टर्म शीट पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने एमआईटीआरआई प्लेटफॉर्म के जरिए वर्चुअल ट्रेड कॉरिडोर संचालन का भी स्वागत किया। इससे सीमा शुल्क और बंदरगाह प्रक्रियाओं को डिजिटल रूप से एकीकृत किया जाएगा।

### रक्षा और समुद्री सुरक्षा सहयोग होगा मजबूत

भारत और यूएई ने रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति जताई। दोनों देशों के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी ढांचे पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत रक्षा औद्योगिक सहयोग, उन्नत प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण, सैन्य अभ्यास, समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और सूचना आदान-प्रदान के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाया जाएगा।

### जहाज निर्माण और कौशल विकास:

पीएम मोदी की यात्रा के दौरान कई महत्त्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड और ड्राईडॉक्स वर्ल्ड, दुबई के बीच वाडीनार में पोत मरम्मत क्लस्टर स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। जहाज मरम्मत क्षेत्र में कौशल विकास के लिए कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, ड्राईडॉक्स वर्ल्ड दुबई और समुद्री एवं जहाज निर्माण उत्कृष्टता केंद्र के बीच त्रिपक्षीय समझौता भी हुआ।

## ट्रंप और जिनपिंग के बीच शिखर वार्ता समाप्त

# चीन ने नहीं दिया तवज्जो 'डाउनग्रेड' हुए राष्ट्रपति ट्रंप!

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शुक्रवार को चीन की अपनी तीन दिवसीय यात्रा पूरी कर बीजिंग से रवाना हो गए। ट्रंप ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ ईरान युद्ध और व्यापार सहित कई मुद्दों पर कई दौर की बातचीत की।



व्हाइट हाउस के अनुसार, दोनों देश इस बात पर सहमत हुए कि होर्मुज जलडमरूमध्य खुला रहना चाहिए। लेकिन इन सबके बाद भी ट्रंप की इस यात्रा को कूटनीतिक हलकों में 2017 की तुलना में 'कमतर' माना जा रहा है।

### ताइवान पर दी धमकी

ताइवान मुद्दे पर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का रुख बेहद कड़ा रहा। उन्होंने इसे 'शांति बनाम आजादी' की लड़ाई बताते हुए अमेरिका को स्पष्ट चेतावनी दी कि गलत कदम दोनों देशों को युद्ध की ओर ले जा सकता है। इस मुद्दे पर ट्रंप की 'खामोशी' विशेषज्ञों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।

## अमेरिका और चीन संबंधों को स्थिर करने में प्रगति का किया दोनों ने दावा

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनके अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को अपनी वार्ता को श्ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण बताया। हालांकि किसी भी विवादास्पद मुद्दे पर कोई समझौता नहीं हुआ है। शी ने शुक्रवार को अपने आधिकारिक आवास झोंगनानहाई में ट्रंप का स्वागत किया जहां अंतिम दौर की बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने प्राचीन वृक्षों और चीनी गुलाबों से सुसज्जित परिसर में थोड़ी देर सैर की, जहां पक्षियों और पारंपरिक चीनी पर्वतीय दृश्यों को उकेरा गया था। चाय और दोपहर के भोजन के दौरान ट्रंप और शी के साथ उनके शीर्ष सहयोगी और अनुवादक मौजूद थे।



### ईरान को सैन्य सामान नहीं देगा चीन: ट्रंप

ट्रंप ने कहा कि जिनपिंग भी ईरान और अमेरिका के बीच डील चाहते हैं। उनका दावा है कि चीन के राष्ट्रपति ने बातचीत में मदद की पेशकश भी की। ट्रंप ने कहा कि जिनपिंग का भी मानना है कि ईरान के हाथ परमाणु हथियार नहीं लगने चाहिए। ट्रंप ने कहा कि शी ने विश्वास दिलाया कि चीन ईरान को सैन्य सामग्री नहीं देगा।

## फ्रिज में रखा तरबूज खाने के बाद बिगड़ी तबीयत

# तरबूज खाने से पिता की मौत बेटा मौत से कर रहा संघर्ष

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां गर्मी से राहत पाने के लिए खाया गया तरबूज एक परिवार के लिए काल बन गया। तरबूज खाने के कुछ ही देर बाद पिता-पुत्र की तबीयत अचानक बिगड़ गई। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में पिता ने दम तोड़ दिया, जबकि बेटे की हालत बेहद नाजुक है और वह आईसीयू में जिंदगी की जंग लड़ रहा है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के मुताबिक, श्योपुर शहर के रहने वाले इंदर परिहार और उनके बेटे विनोद ने सुबह शरीर की गर्मी और जलन को शांत करने के लिए फ्रिज में रखा तरबूज खाया था। तरबूज खाने के कुछ ही समय बाद दोनों को पेट में तेज जलन, घबराहट और कमजोरी



महसूस होने लगी। देखते ही देखते दोनों की हालत बिगड़ने लगी, जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन दोनों को तुरंत श्योपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद इंदर परिहार की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें कोटा रेफर कर दिया। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था; कोटा पहुंचने से पहले ही रास्ते में इंदर परिहार की मौत हो गई। वहीं, बेटे विनोद को जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया है, जहाँ उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

## 'ड्रग्स पर वैश्विक युद्ध' का गृहमंत्री अमित शाह का ऐलान

# भारत को ट्रांजिट रूट बनाने नहीं देंगे, दुनिया को साथ आना चाहिए

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने ड्रग्स तस्करी और नार्को-टेरर नेटवर्क के खिलाफ वैश्विक स्तर पर संयुक्त लड़ाई का आह्वान करते हुए कहा कि भारत की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत देश में 'एक ग्राम' नशा भी प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा और न ही भारत को ड्रग्स ट्रांजिट रूट बनने दिया जाएगा। रॉ द्वारा आयोजित आर.एन. काओ मेमोरियल लेक्चर-2026 में बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने 2047 तक 'ड्रग फ्री इंडिया' का राष्ट्रीय लक्ष्य तय किया है और सुरक्षा एजेंसियां ड्रग सिंडिकेट खत्म करने के लिए रोडमैप पर काम कर रही हैं। शाह ने कहा कि ड्रग्स केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा गंभीर खतरा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर दुनिया ने अभी सामूहिक प्रयास नहीं किए तो आने वाले दस वर्षों में नुकसान इतना बड़ा हो जाएगा कि



उसे पलटना मुश्किल होगा। गृह मंत्री ने कहा कि ड्रग माफिया अंतरराष्ट्रीय कानूनों की कमजोरियों और अलग-अलग देशों की नीतियों का फायदा उठाते हैं। ऐसे में दुनिया को प्रतिबंधित पदार्थों की एक समान परिभाषा, ड्रग तस्करी पर समान सजा और अपराधियों के प्रत्यर्पण को लेकर साझा कानूनी ढांचा तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार से मिलने वाला पैसा आतंकवाद, संगठित अपराध और समानांतर अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है। इसलिए 'नार्को नेटवर्क' और 'नार्को-टेरर स्टेट्स' दोनों के खिलाफ एक साथ कार्रवाई जरूरी है। अमित शाह ने खुफिया सूचनाओं के रियल टाइम साझा करने, सीमा पार संयुक्त अभियान चलाने और ड्रग किंगपिन्स की गिरफ्तारी व प्रत्यर्पण में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया।

उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में भारत ने मित्र देशों के सहयोग से 40 से अधिक अंतरराष्ट्रीय अपराधियों को वापस लाने में सफलता हासिल की है गृह मंत्री ने कहा कि 8 अरब आबादी, 195 देशों और ढाई लाख किलोमीटर अंतरराष्ट्रीय सीमाओं वाली दुनिया में ड्रग्स की समस्या से 'टुकड़ों में' नहीं निपटा जा सकता। इसके लिए वैश्विक स्तर पर साझा संकल्प और समन्वित कार्रवाई ही सबसे प्रभावी रास्ता है। कार्यक्रम में आर.एन. काओ के परिवार के सदस्य, रॉ के पूर्व प्रमुख, 40 से अधिक देशों के राजदूत और भारतीय सुरक्षा तंत्र के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रतीक यादव से मांगी थी 4 करोड़ की रंगदारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व मुलायम सिंह के बेटे प्रतीक यादव से पिछले वर्ष चार करोड़ रुपये की रंगदारी मांगे जाने का मामला सामने आया था। प्रतीक ने चिनहट के पूर्वांचल सिटी निवासी भू-व्यवसायी कृष्णानंद पांडेय, उनकी पत्नी वंदना पांडेय और पिता अशोक पांडेय के खिलाफ गौतमपल्ली थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने कारोबार में निवेश के नाम पर लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगाया था। इस मामले को लेकर बताया गया है कि इससे प्रतीक को काफी नुकसान हुआ और वे मानसिक तनाव में आ गए। ये प्रतीक के लिए बड़ा झटका था और उन्होंने अपने दूसरे कारोबारों पर भी ज्यादा ध्यान देना शुरु कर दिया था।



रकम न देने पर पाक्सो एक्ट के फर्जी मुकदमे में फंसाने और इंटरनेट मीडिया पर बदनाम करने की धमकी दी गई। यही नहीं, एडिट कर फर्जी आडियो तैयार कर उसे वायरल भी किया गया।

# डॉ. राजेश्वर सिंह और आर. पी. सिंह ने बढ़ाया युवाओं का उत्साह

## खेलेंगे युवा, तभी आगे बढ़ेगा भारत — डॉ. राजेश्वर सिंह और आर. पी. सिंह के साथ SSPL के 9वें संस्करण का भव्य शुभारंभ

### सरोजनीनगर स्पोर्ट्स प्रीमियर लीगह बनी खेल प्रतिभाओं का महाकुंभ

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। जिस राष्ट्र के युवा मैदान में संघर्ष करना सीखते हैं, वह राष्ट्र हर चुनौती में विजयी बनता है - डॉ. राजेश्वर सिंह, इसी भावना के साथ आज जय जगत पार्क, एलडीए कॉलोनी में सरोजनीनगर स्पोर्ट्स प्रीमियर लीग (SSPL)-9 का भव्य शुभारंभ भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर एवं वर्तमान चयन समिति सदस्य श्री आर. पी. सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह एवं श्री आर. पी. सिंह ने संयुक्त रूप से प्रतियोगिता का उद्घाटन कर युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि महान खिलाड़ी केवल ट्रॉफियां जीतने के लिए नहीं खेलते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए खेलते हैं। उन्होंने बताया कि 4 दिसंबर 2022 से शुरू हुई यह पहल आज अपने 9वें संस्करण तक पहुंच चुकी है। इस वर्ष आयोजित इंटर स्कूल एवं इंटर स्पोर्ट्स क्लब क्रिकेट चैम्पियनशिप में 160 टीमें भाग ले रही हैं तथा लगभग 160 मुकाबले खेले जाएंगे। विजेता टीम को 50,000 एवं उपविजेता टीम को 25,000 की पुरस्कार राशि दी जाएगी। साथ ही बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर, मैक्सिमम सिक्स एवं मैक्सिमम फोर जैसी विशेष श्रेणियों में भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। सभी



प्रतिभागी खिलाड़ियों को टी-शर्ट एवं प्रत्येक टीम को क्रिकेट किट उपलब्ध कराई जा रही है। उद्घाटन अवसर पर इंटर-स्कूल मुकाबले में लखनऊ कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल एवं एलनहाउस पब्लिक स्कूल की टीमें आमने-सामने रहीं, जबकि इंटर-स्पोर्ट्स क्लब मुकाबले में यंग बॉयज क्रिकेट क्लब एवं प्यारेपुर क्रिकेट क्लब के बीच मैच आयोजित किया गया। डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि अब तक SSPL के माध्यम से 10,000 से अधिक युवाओं को खेलों से जोड़ने, 1,500 से अधिक स्पोर्ट्स किट वितरित करने एवं 11 लाख से अधिक की पुरस्कार राशि खिलाड़ियों को प्रदान करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि सरोजनीनगर को खेल प्रतिभाओं का मजबूत केंद्र बनाने हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री आर. पी. सिंह ने कहा, राजेश्वर भैया से मेरा संबंध दशकों पुराना है। मेरी हर छोटी-बड़ी उपलब्धि पर मुझसे ज्यादा वह खुश होते हैं। जिस समर्पण और भावना के साथ वह युवाओं को खेलों से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं, वह अत्यंत प्रेरणादायी है। सरोजनीनगर स्पोर्ट्स प्रीमियर लीग जैसे आयोजन निश्चित रूप से क्षेत्र की प्रतिभाओं को नई पहचान देंगे।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि रायबरेली की धरती से निकलकर विश्व क्रिकेट में अपनी विशेष पहचान बनाने वाले श्री आर. पी. सिंह ने भारतीय क्रिकेट को गौरवान्वित किया है। वर्ष 2007 के आईसीसी टी-20 विश्व कप में उनकी भूमिका भारतीय क्रिकेट इतिहास के स्वर्णिम अध्यायों में दर्ज है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलों को नई पहचान मिली है तथा खेलो इंडिया एवं फिट इंडिया जैसी योजनाओं ने युवाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सरोजनीनगर क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि 180 से अधिक बॉयज एवं 116 से अधिक गर्ल्स यूथ क्लब स्थापित किए गए हैं। दादूपुर स्टेडियम, जय जगत पार्क एवं अन्य खेल मैदानों के विकास हेतु विधायक निधि से लाखों रुपये की सहायता प्रदान की गई है। इस अवसर पर अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ के सीईओ डॉ. मयंक सोमानी जी ने कहा कि एक डॉक्टर के रूप में वह मानते हैं कि डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा युवाओं को प्रतिदिन 1 से 2 घंटे खेल के लिए समय देने का संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से खेलों से जुड़ना दीर्घकालिक स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी है तथा युवाओं को अपने जीवन में खेल और शारीरिक गतिविधियों को निरंतर शामिल रखना चाहिए। डॉ. राजेश्वर सिंह ने डॉ. मयंक सोमानी जी की सामाजिक एवं स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े प्रयासों की सराहना की। साथ ही सरदार इकबाल सिंह, श्रीमती हरजीत कौर, सुश्री जेहा रजा, डॉ. अजय शुक्ला, श्रीमती संगीता चौहान, श्री हर्ष सिंह, श्री शशिकांत चतुर्वेदी, श्री वत्सल श्रीवास्तव, श्री लालमणि यादव, श्रीमती लता श्रीवास्तव, श्री वीरेंद्र प्रताप सिंह, श्री शंकरी सिंह, श्री वी.के. श्रीवास्तव तथा श्री संतोष सिंह सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राजेश्वर सिंह ने आयोजन समिति, खिलाड़ियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खेल, ऊर्जा और युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## तेलीबाग में युवक पर लोहे की रॉड से हमला, जान से मारने की धमकी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राजधानी के तेलीबाग इलाके में पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि दो युवकों ने शराब के नशे में उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। राजीव नगर घोसियाना निवासी अजहर हुसैन ने बताया कि मंगलवार देर रात करीब 10:30 बजे वह किसी काम से घर से पैदल जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अभिषेक यादव और आयुष यादव ने उसे रोक लिया। आरोप है कि दोनों युवक नशे में थे और गाली-गलौज करते हुए विवाद करने लगे। पीड़ित के मुताबिक विरोध करने पर आरोपियों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जान बचाकर भागने की कोशिश करने पर ईंट फेंककर मारी गई, जिससे उसके सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई। अजहर ने आरोप लगाया कि आरोपी पहले भी उस पर हमला करने की कोशिश कर चुके हैं। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल का इलाज कराने के बाद शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## तेलीबाग में भीड़ का फायदा उठाकर महिला ने उड़ाया

### ज्वैलरी भरा पर्स, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र के तेलीबाग इलाके में ऑटो में सफर कर रही महिला का ज्वैलरी से भरा पर्स चोरी हो गया। घटना के करीब एक हफ्ते बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। गांधीनगर तेलीबाग निवासी सुमन वर्मा के मुताबिक, वह 7 मई को सुबह करीब 11:15 बजे शनि मंदिर चौराहे से ऑटो में बैठकर जा रही थीं। सभा खेड़ा मोड़, एकता नगर मोड़ के पास उनके मोबाइल पर परिचित का फोन आया। वह बातचीत करने लगीं। आरोप है कि इसी दौरान बगल में बैठी अज्ञात महिला ने मौका पाकर उनका ज्वैलरी से भरा पर्स चोरी कर लिया और रास्ते में उतरकर फरार हो गई। कुछ देर बाद पर्स गायब होने की जानकारी होने पर पीड़िता ने पुलिस को सूचना दी। मामले में कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपी महिला की तलाश में जुटी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। लोगों ने पुलिस से सार्वजनिक वाहनों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सतर्कता बढ़ाने की मांग की है, ताकि ऐसी वारदातों पर अंकुश लगाया जा सके।

## चोरों ने बंद पड़े मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये के सामान पर किया हाथ साफ

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों चोरों ने बंद पड़े मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी होने के बाद पीड़ित महिला ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनी नगर के गंगानगर, अमौसी निवासी गायत्री सिंह पत्नी स्व. सुरेन्द्र बहादुर सिंह के मुताबिक बीती 20 अप्रैल को वह अपनी नातिन की तबीयत खराब होने के कारण घर में ताला बंद कर अमेठी के सांगीपुर गई थीं।

## मन फाउंडेशन के स्थापना दिवस पर सुंदरकांड पाठ, जरूरतमंद बच्चों को बांटे उपहार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मन फाउंडेशन के 8वें स्थापना दिवस के अवसर पर माँ चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष बृजेश द्विवेदी, सचिव सुधा सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में अमित सिंह एवं अतुल प्रताप सिंह मौजूद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में केके शुक्ला, वी.के. मिश्रा, धर्मेंद्र अवस्थी, लकी गुप्ता, अशोक यादव, योगेश मौर्य, रवि एम.के. राय, महेंद्र श्रीवास्तव, नेहा शुक्ला, ममता शुक्ला, मयंक वर्मा, दीपक, अरुण, विकास त्रिवेदी, ऋचा एवं सभासद कमलेश सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम के उपरांत संस्था द्वारा पूर्व से चिन्हित जरूरतमंद बच्चों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप उपहार एवं उपयोगी सामग्री वितरित की गई। उपहार पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी



देखने को मिली। संस्था के अध्यक्ष बृजेश द्विवेदी ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन करना नहीं, बल्कि समाज के वंचित एवं असहाय बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना भी है। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से संस्था भविष्य में और अधिक जरूरतमंद बच्चों तक सहायता पहुंचाने का कार्य करेगी। कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## दो पक्षों में मारपीट घर में घुसकर हमला करने का आरोप......

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के रघुनाथ खेड़ा मजरा कोडरा रायपुर में मोबाइल चोरी के आरोप को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया पीड़ित पक्ष ने गांव के ही कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने गाली गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। निगोहां थाना क्षेत्र के रघुनाथ खेड़ा मजरा कोडरा रायपुर निवासी फूलचन्द्र पुत्र कालीचरन ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव के ही रमेश पुत्र राम जियावन संदीप पुत्र रमेश व रमेश की बहू ने उनकी बेटी पर मोबाइल चोरी का झूठा आरोप लगाया पीड़ित के अनुसार आरोप पूरी तरह निराधार एवं असत्य पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार सुबह विपक्षीगण उनकी बेटी को लेकर भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे और मारपीट पर उतारू हो गए जब वह बीच-बचाव करने पहुंचे तो विपक्षियों ने लाठी से उनके हाथ पर हमला कर दिया आरोप है कि इसी दौरान उनके बेटे का गला दबाकर उसके साथ भी मारपीट की गई पीड़ित परिवार का आरोप कि विपक्षीगण घर के अंदर घुस आए और पूरे परिवार के साथ मारपीट करते हुए दहशत फैलाने का प्रयास किया घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने मोहनलालगंज कोतवाली पहुंचकर लिखित शिकायत देते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की इस संबंध में मोहनलालगंज थानाप्रभारी बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

### मारपीट और जानलेवा हमले का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के चंद्रशेखर आजाद नगर कॉलोनी निवासी मो. इरफान खान ने आशीष सेंगर नामक युवक और उसके तीन अन्य साथियों पर मारपीट और जानलेवा हमले का आरोप लगाया है। पीड़ित मो. इरफान खान का कहना है कि 10 मई की दोपहर करीब 1:30 बजे बिजनौर रोड स्थित उसके वॉशिंग सेंटर पर आशीष सेंगर अपनी इनोवा क्रिस्टा कार लेकर पहुंचा और गाड़ी धुलवाने की बात कही। लेकिन उस समय सेंटर पर अधिक भीड़ होने के कारण इरफान ने थोड़ी देर इंतजार करने को कहा। आरोप है कि इस बात पर आशीष सेंगर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर वहां से चला गया। आरोप है कि करीब 15 मिनट बाद आरोपी अपने तीन साथियों के साथ दोबारा पहुंचा और इरफान पर हमला कर दिया। पीड़ित में आरोप लगाया कि हमलावर उसे पीटते हुए जबरन गाड़ी की ओर घसीट ले गये। बाद में स्थानीय लोगों के विरोध करने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद घायल इरफान ने डायल 112 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर सूचना दी। तब सूचना पाकर पहुंची पुलिस और एंबुलेंस की मदद से उसे सीएचसी सरोजनीनगर में भर्ती कराया गया। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाजार में सब्जी लेने गए युवक पर लाठी-डंडों से हमला .....

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के मरूई बाजार में बीते गुरुवार की शाम मामूली विवाद के दौरान एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला किए जाने का मामला सामने आया पीड़ित पक्ष ने गांव के ही चार लोगों पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया घटना के बाद घायल युवक के परिजनों ने मोहनलालगंज कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई मिली जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज के सिसेंडी निवासी मोहम्मद इस्लाम पुत्र मोहम्मद कासिम मरूई बाजार में दुकान लगाते पीड़ित के मुताबिक बीते गुरुवार की शाम करीब छह बजे उनका पुत्र अब्बास रजा दुकान पर पहुंचा और सब्जी खरीदने के लिए पैसे लेकर बाजार की ओर गया था सब्जी खरीदने के बाद वह घर जाने के लिए सड़क किनारे खड़ा था तभी धनुवासांड गांव के निवासी लवकुश व अक्षय पुत्रगण रामलाल अपने दो अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर सभी ने लाठी-डंडों से अब्बास रजा पर हमला कर दिया हमलावरों ने युवक को जमीन पर गिराकर लात-घूसों और डंडों से जमकर पीट बाजार में मौजूद लोगों की भीड़ जुटने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए परिजनों के अनुसार मारपीट में अब्बास रजा के शरीर पर कई गंभीर चोटें आई घायल युवक का उपचार कराने के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। वही मोहनलालगंज थानाप्रभारी बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर प्राप्त हुई मामले की जांच कराई जा रही जांच के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## दलित परिवार पर हमला, पशुओं को जिंदा जलाने का आरोप

### दो महीने बाद एसीपी के निर्देश पर दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के तिलसुवा गांव में एक दलित परिवार पर दबंगों द्वारा हमला करने, जातिसूचक गालियां देने और पशुओं को आग के हवाले करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एससी-एसटी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम तिलसुवा निवासी संतोष कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 मार्च 2026 को गांव के पांच युवक लाठी-डंडों से लैस होकर उसके घर पहुंचे। आरोप है कि बालेन्द्र यादव उर्फ नितिन, अभय यादव सहित तीन अज्ञात लोगों ने घर के बाहर खड़े होकर जातिसूचक गालियां दीं और दरवाजा पीटते हुए बाहर निकलने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार परिवार के लोग डर के कारण घर से बाहर नहीं निकले। आरोप है कि इसके बाद दबंगों ने घर के पास बंधी गर्भवती गाय और दो भैंसों को पीटते हुए तबेले में आग लगा दी। घटना के दौरान परिवार में दहशत फैल गई। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई। मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी शिकायत करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर गए। संतोष कुमार का कहना है कि उसने पहले भी मलिहाबाद पुलिस को शिकायती पत्र दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। करीब दो महीने बाद एसीपी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज किया गया। इस संबंध में मलिहाबाद एसीपी सुजीत कुमार दुबे ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर एससी-एसटी एक्ट सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## पति ने की पत्नी की गला दबाकर हत्या, गुमशुदगी दर्ज कराने पर खुली पोल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एक युवक ने पत्नी की हत्या की और फिर उसकी गुमशुदगी दर्ज कराने थाना पहुंचा। चिनहट थाने में युवक की कहानी तब उलझ गई, जब पुलिस ने उसके बयान में बदलाव पाया। शक गहराया तो पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की।

कुछ ही देर में पति टूट गया और उसने पत्नी की हत्या कर शव ट्राली बैग में भरकर इंदिरा डैम के पास फेंकने की बात कबूली। पुलिस ने आरोपी पति अल्ताफ उर्फ कल्लू को गिरफ्तार कर शव बरामद कर लिया है।

### गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचा थाने

इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक बाराबंकी शफीनगर निवासी अल्ताफ उर्फ कल्लू वर्तमान में चिनहट के रामलीला मैदान के पास पत्नी 24 वर्षीय यासमीन के साथ रहता था। गुरुवार को वह चिनहट थाने पहुंचा और पत्नी के लापता होने की सूचना दी। पुलिस ने पूछताछ की तो अल्ताफ बार-बार अलग-अलग बातें बताने लगा। इसके बाद पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने हत्या की पूरी वारदात कबूल कर ली।

### अफेयर होने के शक पर हत्या

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे पत्नी के एक करीबी रिश्तेदार से पत्नी के अफेयर होने का शक था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। बुधवार शाम भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। यासमीन की मां समझाने पहुंचीं, लेकिन अल्ताफ ने उन्हें भी भला-बुरा कहकर लौटा दिया। आरोप है कि देर रात विवाद फिर बढ़ गया। गुस्से में अल्ताफ पत्नी का गला दबाने लगा। यासमीन तड़पने लगी, लेकिन उसकी मौत नहीं हुई। इसके बाद आरोपी ने दुपट्टे से गला कसकर उसकी हत्या कर दी।

### ट्राली बैग में शव को भरा

वारदात के बाद उसने शव को ट्राली बैग में भरा और सुबह करीब पांच बजे बैटरी रिक्शा से जुग्गौर के पास इंदिरा डैम किनारे नहर के पास फेंक आया। पुलिस आरोपी को साथ लेकर मौके पर पहुंची और उसकी निशानदेही पर शव बरामद किया। पुलिस का कहना है कि परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### चार घंटे शव के पास बैठा रहा

पुलिस को उसने बताया कि देर रात करीब एक बजे हत्या की। फिर उसके शव के पास बैठ गया था। करीब चार घंटे बैठने के बाद ट्राली बैग लाया और उसमें शव को भरा। फिर रोड पर पहुंचा और ई-रिक्शा में बैठ गया। इसके बाद ट्राली बैग समेत शव को फेंक दिया।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां थाना क्षेत्र के कांटा करौदी गांव में शुक्रवार शाम एक विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान 29 वर्षीय अमीषा यादव पुत्री देशराज निवासी ग्राम कांटा करौदी थाना निगोहां के रूप में हुई बताया जा रहा है कि शुक्रवार शाम करीब 5 बजे अमीषा ने अपने घर के कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली काफी देर तक कमरे का दरवाजा न खुलने पर परिजनों को शक हुआ। जब अंदर जाकर देखा गया तो अमीषा का शव फंदे से लटका मिला। यह दृश्य देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई घटना की जानकारी ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही निगोहां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। निगोहां थानाध्यक्ष अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि अमीषा ने करीब पांच वर्ष पूर्व हापुड़ निवासी विक्रांत से कोर्ट मैरिज की थी विक्रांत भारतीय सेना में कार्यरत बताए जा रहे विवाह के बाद कुछ समय तक दोनों साथ रहे, लेकिन पारिवारिक विवाद के चलते अमीषा पिछले करीब तीन वर्षों से अपने मायके कांटा करौदी में रह रही थीं ग्रामीणों के अनुसार पारिवारिक तनाव को लेकर वह काफी समय से मानसिक रूप से परेशान चल रही थीं हालांकि आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

## आज के विद्यार्थी ही कल के नागरिक और राष्ट्र के भविष्य निर्माता

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ लोकतांत्रिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव भी प्राप्त होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के जागरूक नागरिक और राष्ट्र के भविष्य निर्माता हैं, इसलिए उनमें लोकतांत्रिक मूल्यों तथा संविधान के प्रति सम्मान की भावना होना अत्यंत आवश्यक है।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना आज कानपुर के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। बता दें कि विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं संसदीय परंपराओं की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से कानपुर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों विवेकानंद विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, अशोका एजुकेशन सेंटर तथा पूर्णचंद्र



विद्यानिकेतन के छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ उत्तर प्रदेश विधानसभा का शैक्षिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यवाही, सदन की व्यवस्था तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को निकट से देखा और समझा।

उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से आत्मीय संवाद करते हुए विधानसभा की कार्यप्रणाली, विधायी प्रक्रिया तथा जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारियों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विधानसभा लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाती है तथा प्रदेश के विकास से संबंधित नीतियां और कानून बनाए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों में जागरूकता, नेतृत्व क्षमता तथा उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, सकारात्मक सोच तथा निरंतर अध्ययन के महत्व के बारे में भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सफलता का आधार केवल शिक्षा नहीं, बल्कि संस्कार, परिश्रम और समाज के प्रति संवेदनशीलता भी है।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। छात्र-छात्राओं ने विधानसभा भवन की ऐतिहासिक एवं प्रशासनिक विशेषताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा सदन की कार्यवाही, प्रश्नकाल और विधायी प्रक्रिया से संबंधित अनेक जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे। महाना ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का सरल एवं प्रेरणादायी ढंग से उत्तर दिया।

विद्यालयों के शिक्षकों एवं प्रबंधन ने इस शैक्षिक भ्रमण को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी एवं उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अनुभव विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति उनकी समझ को भी सुदृढ़ बनाते हैं। इस अवसर पर विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे समेत कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## पिछड़ा वर्ग आयोग ने 87% शिकायतों का निस्तारण किया

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के संकल्प के साथ सभी वर्गों को न्याय दिला रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग लगातार शिकायतों की सुनवाई कर त्वरित निस्तारण कर रहा है। आयोग साल 2024 से अप्रैल 2026 तक आई कुल शिकायतों में से करीब 87 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का निस्तारण कर चुका है। इस तरह आयोग ने योगी सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए न केवल बड़ी संख्या में लंबित मामलों का निस्तारण किया है, बल्कि नई शिकायतों पर भी समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की है। दरअसल योगी सरकार की प्राथमिकताओं में पिछड़ा वर्ग के लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान, शिकायतों की सुनवाई और प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी कार्रवाई शामिल है।

## मास्टर ट्रेनर्स को चारा विकास के पहलुओं पर मिली जानकारी

### चारा विकास के लिए मास्टर ट्रेनर्स और चारा उत्पादकों का प्रशिक्षण आयोजित

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हरे चारे की कमी के मद्देनजर प्रदेश के पशुपालन विभाग के तत्वावधान में भा.कृ.अनु.प.- भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान, झांसी द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में चारा विकास के लिए मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 27 अप्रैल से 14 मई तक आयोजित किया गया जिसमे प्रदेश के समस्त 75 जिलों के पशुपालन एवं कृषि विभाग से कुल 125 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम दो-दिवसीय कुल 6 बैच में सम्पन्न कराया गया।

इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स को चारा विकास के निम्न पहलुओं पर जानकारी दी गयी तथा प्रक्षेत्र भ्रमण भी कराया गया। उत्तर प्रदेश में पशुधन एवं चारा उपलब्धता का परिदृश्य तथा क्षेत्रवार चारा विकास योजना, विभिन्न जलवायु क्षेत्रों के लिए उपयुक्त चारा उत्पादन तकनीकियाँ एवं वर्ष पर्यंत




चारा उत्पादन प्रणाली, बारानी, गोचर भूमियों एवं गौशालाओं के लिए चरागाह, वन-चरागाह एवं उद्यान चरागाह प्रणाली, समस्याग्रस्त दशाओं तथा गैर-परंपरागत स्त्रोतों से चारा उत्पादन तकनीकियां और पशुधन आहार प्रबंधन एवं चारा संरक्षण की विधियां के विषय में बताया गया।

प्रतिभागियों ने उन्नत चारा तकनीकियों की जानकारी के साथ-साथ तकनीकियों के प्रसार के लिए विशेषज्ञों से विचार-मंथन भी किया। कार्यक्रम से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण उपरान्त अपने जनपदों के पशुपालक किसान, कृषि उद्यमी एवं गौशाला संचालकों को प्रशिक्षित कर उनका क्षमता विकास करने के लिए कार्ययोजना भी बताई गयी। मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण के अलावा प्रदेश के चारा उत्पादक किसानों एवं गौशाला संचालकों के लिए आयोजित किये जा रहे एकदिवसीय भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 7 जिलों के कुल 106 चारा उत्पादकों एवं गौशाला संचालकों को चारा उत्पादन, संरक्षण एवं उपयोग के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यक्रम से कुल 1125 चारा उत्पादक किसानों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है।

## संक्षेप

### मामूली से विवाद पर घर में घुसकर की मारपीट

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज दरवाजे पर खंडजा लगाने को लेकर हुए विवाद में पीड़ित ने आधा दर्जन लोगों पर घर में घुस कर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है पुलिस एनसीआर दर्ज कर घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। थाना क्षेत्र के बेथर गांव निवासी शैलेन्द्र शुक्ल ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसके दरवाजे ग्राम पंचायत द्वारा इंटरलॉकिंग कार्य करवाया जा रहा है जिसका विरोध करने पर शुक्रवार को पड़ोसी कमल,विमल राजू कई लोगों के साथ दरवाजे आकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है।

### विद्युत फाल्ट ठीक कर रहा युवक करंट से झुलसा

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के बरौना निवासी विमलेश पुत्र देशराज ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके 40 वर्षीय भाई मनोज को बुधवार की शाम लाइन मैंन पिंटू और नीरज ने पोल पर चढ़ा दिया ।और कहा कि शटडाउन ले लिया है फाल्ट सही कर दो ।भाई जैसे ही पोल पर चढ़कर फाल्ट सही करने लगे ।तार में करंट आ गया ।जिससे झुलस कर पोल से नीचे गिर गए ।जिन्हें सीएचसी लाया गया जहां से डाक्टर ने केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया ।पीड़ित ने जांच कर कार्यवाही की मांग की। प्रभारी निरीक्षक शरद कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है ।जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

### धोखाधड़ी कर युवक के खाते से पार कर दिया 93 हजार

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में एक युवक के बैंक खाते से धोखाधड़ी कर 93,000 रुपए निकाल लिए गए हैं। पीड़ित ने हसनगंज कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मोलवीय खेड़ा निवासी जितेंद्र पुत्र देवी दयाल का खाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में है। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों पहले उनके खाते से गूगल यूपीआई आईडी के जरिए यह राशि निकाली गई। जितेंद्र को इस निकासी की कोई जानकारी नहीं थी ।जितेंद्र को इस धोखाधड़ी का पता तब चला जब उन्हें पैसों की आवश्यकता हुई। गूगल पे के माध्यम से भुगतान करने का प्रयास करने पर उनके खाते में शून्य बैलेंस दिखा। इसके बाद, जब वह बैंक में पैसे निकालने गए, तो उन्हें पता चला कि उनके खाते में कोई राशि शेष नहीं है। कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि बैंक खाते से पैसे निकाले जाने के संबंध में एक प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## आगामी 21 मई को आयोजित होने वाली लेखपाल परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। 21 मई को होने वाली लेखपाल मुख्य परीक्षा 2026 के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापक शामिल हुए।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्र समय पर पहुंचाने और सीसीटीवी कैमरों को पूरी तरह सक्रिय रखने का आदेश दिया। परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम से लाइव मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ।जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन और किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस या अनुचित सामग्री का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। सुरक्षा कर्मियों और कक्ष निरीक्षकों को गहन जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता परीक्षा की शुचिता बनाए रखना है ।केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षार्थियों के लिए पेयजल, शौचालय, बैग जमा करने की सुविधा और सुरक्षा संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया। महिला परीक्षार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक स्थानों पर महिला पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा ।यातायात व्यवस्था को लेकर भी विशेष निर्देश जारी किए गए, ताकि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कोई परेशानी न हो। इसके अतिरिक्त, परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटो कॉपी की दुकानें बंद रखने के आदेश दिए गए हैं, जिससे किसी भी अनुचित गतिविधि को रोका जा सके। प्रशासन के अनुसार, लेखपाल मुख्य परीक्षा 21 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी। जनपद में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 2688 परीक्षार्थी शामिल होंगे ।बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सुशील कुमार गोंड़, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह, उपजिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी सफीपुर और जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सुनील दत्त सहित अन्य संबंधित अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री ने विकास व राहत कार्यों की समीक्षा


अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने शुक्रवार दोपहर विकास भवन पहुंचकर जिले में चल रहे विकास और राहत कार्यों की समीक्षा की। बैठक के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए देश में ईंधन बचत, वैश्विक आर्थिक संकट और हाल ही में आए आंधी-तूफान पर सरकार का पक्ष रखा। इस समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी घनश्याम मीणा, पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह सहित कई प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे ।पत्रकारों ने राहुल गांधी के उस बयान पर सवाल पूछा, जिसमें उन्होंने ईंधन बचत की अपील को प्रधानमंत्री की विफलता बताया था ।इस पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह केवल भारत का नहीं, बल्कि पूरी दुनिया का संकट है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और अन्य ऊर्जा संसाधनों का एक बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात किया जाता है, और वैश्विक हालात का असर भारत पर भी पड़ता है। मंत्री ने होर्मुज जलडमरूमध्य का जिक्र करते हुए बताया कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण ईंधन की कीमतों और उपलब्धता पर सीधा असर पड़ रहा है ।प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता से ईंधन की बचत करने और अनावश्यक खर्चों से बचने की अपील की है। उन्होंने बताया कि सोने की खरीद पर संयम रखने की बात भी इसलिए कही गई है, ताकि आयात कम हो और भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहे ।उन्होंने जोर दिया कि अधिक आयात से डॉलर मजबूत और रुपया कमजोर होगा, जिसका देश की आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा ।उन्होंने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सरकारी स्तर पर भी ईंधन बचत के प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री ने बताया कि वह स्वयं एक ही वाहन से उन्नाव पहुंचे और प्रशासन को निर्देश दिया कि उनके स्वागत के लिए अधिक गाड़ियां न भेजी जाएं। उन्होंने दावा किया कि इस कदम से लगभग 200 लीटर डीजल की बचत हुई है। प्रभारी मंत्री ने आम जनता से भी अपील की कि वे देशहित में पेट्रोल और डीजल की बचत करें तथा इसे राजनीतिक मुद्दा न बनाएं ।इस दौरान प्रभारी मंत्री ने 13 तारीख की रात आए तेज आंधी-तूफान में हुई जनहानि का भी जिक्र किया।

## दो घरों से चोरों ने नगदी समेत पार कर दिया लाखो के जेवरात

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। गुरुवार रात चोरों ने दो घरों से तीन लाख के जेवर व डेढ़ लाख नकद पार कर दिए ।पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है ।क्षेत्र के गांव जगेथा निवासी पप्पू घर के बाहर बरामदे में लेटा था ।पत्नी सोनी के बीमार होने पर कानपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती होने के चलते बेटा राहुल मां के पास था ।शुक्रवार सुबह लगभग पांच बजे सोकर उठा पप्पू घर अंदर जाकर देखा तो कमरे का ताला टूटा हुआ था ।अंदर जाकर देखा तो बक्से में रखे लगभग ढाई लाख के जेवरात व पांच हजार नकद रुपए गायब थे ।वही इसी गांव के किसान सूर्यपाल नें भी पुलिस को शिकायती पत्र देकर ने बताया कि वह बाहर के कमरे में लेटा था ।शुक्रवार सुबह उठा तो कमरे का ताला टूटा देख दंग रह गया ।अंदर जाकर देखा तो अलमारी में रखे डेढ लाख नकद व लगभग एक लाख के जेवरात गायब थे। कोतवाल भवन कुमार मौर्य ने बताया दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर चोरी का आरोप लगाया है दोनों पक्ष में काफी समय से आपसी विवाद चल रहा है शिकायत की जांच की जा रही है जांच के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी

## बार एसोसिएशन का चुनाव हुआ सम्पन्न अध्यक्ष व महामंत्री गए चुने

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। बार एसोसिएशन के चुनाव मे कृष्णपाल सिह चौहान अध्यक्ष एवं सुरेश पटेल कड़े मुकाबले के बाद महामंत्री चुने गये । शुक्रवार को बीघापुर उन्नाव बार एसोसिएशन के सम्पन्न हुए चुनाव मे कुल पडे.मतदान 90 वोटों मे अध्यक्ष पद के प्रत्याशी कृष्ण पाल सिंह चौहान को 55 व उनके प्रतिद्वंदी राम प्रकाश शर्मा को 34 वोट मिले । कृष्ण पाल सिंह चौहान 21 वोटों से विजयी घोषित हुए। एक वोट इंवैलिड रही । वही महामंत्री पद पर सुरेश पटेल ने अपने प्रतिद्वंदी अजय कुमार को कडे. मुकाबले मे मात्र दो वोट से विजयी हुए । सुरेश को 46 एवं अजय कुमार को 44 मत मिले ।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सुनील कुमार श्रीवास्तव एवं कोषाध्यक्ष पद पर दीपक कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए । चुनाव अधिकारी रणविजय सिंह , निर्मल कुमार , श्यामू सिंह एडवोकेट रहे। विजयी प्रत्याशियों को उनके समर्थकों ने माला फूल पहना कर गर्मजोशी से स्वागत किया ।मिठाई खिलाकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी ।

## दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत, दोनो चालकों की मौत





अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हुआ। पतेली खेड़ा पुल के निकट बरगदिया बाबा के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें दोनों बाइक चालकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान सबलीखेड़ा थाना बेहटा मुजावर निवासी 40 वर्षीय ब्रजेश कुमार यादव पुत्र रामवतार के रूप में हुई है। ब्रजेश अविवाहित थे और किसी काम से संडीला जा रहे थे। वह एक निजी फैक्ट्री में मजदूरी करते थे ।दूसरी बाइक के चालक लालमवई कोतवाली सफीपुर निवासी 26 वर्षीय संदीप उर्फ सर्वेश पुत्र छत्रपाल थे। संदीप विवाहित थे और उनके दो बेटे, 10 वर्षीय अमन और 8 वर्षीय संजीव, तथा एक बेटी, 7 वर्षीय अंशिका, हैं। उनकी पत्नी का नाम सरिता है।

सूचना मिलने पर बेहटा मुजावर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है और मामले की जांच पड़ताल जारी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में आम के बाग में पड़ा मिला अधेड़ का शव

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक अधेड़ का शव आम के बाग में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के पखरौरा मुस्तफाबाद निवासी राजकुमार 50 वर्ष पुत्र महाबीर का शव शुक्रवार सुबह गांव के बाहर आम के बाग में पड़ा मिला। ग्रामीणों ने शव देखकर परिवार और पुलिस को सूचना दी। मृतक अपने पीछे चार बेटियां और तीन बेटे छोड़ गए हैं।



मृतक की बहू सीता ने गांव के कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि गुरुवार को गांव के कई लोग उनके घर आए थे और समझौते को लेकर धमकी दे रहे थे। सीता का आरोप है कि आरोपियों ने राजकुमार को घर से बुलाया और अपने साथ ले गए। बाद में बाग में ले जाकर उन्हें कुछ खिलाने-पिलाने के बाद उनकी हत्या कर दी। परिजनों के अनुसार, सुबह करीब साढ़े पांच बजे घटना की जानकारी हुई। मौके पर पहुंचने पर राजकुमार औंधे मुंह पड़े मिले। परिजनों का कहना है कि शव पर फांसी जैसे कोई निशान नहीं थे और उन्हें साजिश के तहत मारकर फेंका गया है।

परिजनों ने बताया कि कुछ समय पहले गांव में एक युवती को लेकर विवाद हुआ था, उसी मामले को लेकर दोनों पक्षों में तनाव चल रहा था।

मृतक के परिवार का आरोप है कि आरोपी लगातार धमकी दे रहे थे कि यदि लड़का नहीं मिला तो उसके पिता को जान से मार देंगे। गुरुवार शाम आरोपियों की गांव में लगातार आवाजाही भी देखी गई थीप्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेंगा तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत, एक की मौत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के पास सिरधरपुर गांव की सड़क पर दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा बाइक सवार घटनास्थल से फरार हो गया। मृतक की पहचान हरदोई जनपद के मल्लावां थाना क्षेत्र स्थित शहपुर बारह निवासी 30 वर्षीय दीपू पाल पुत्र विश्रमपाल के रूप में हुई है। दीपू शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे अपने मामा कुलदीप को लेने जा रहा था, जिन्होंने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के पास रास्ता भटकने की सूचना दी थी ।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि दूसरा बाइक सवार घायल अवस्था में ही अपनी बाइक लेकर फरार हो गया है, जिसकी



तलाश की जा रही है।

दीपू अपने माता-पिता के दो भाई और दो बहनों में सबसे बड़ा था। घटना के बाद से परिवार में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सड़क हादसे में साइकिल सवार मजदूर की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक सड़क हादसे में साइकिल सवार मजदूर की मौत हो गई। अज्ञात मोटरसाइकिल ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी थी। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, दही थाना क्षेत्र के ग्राम कटरा निवासी 45 वर्षीय राजू पुत्र छोटेलाल गुरुवार रात साइकिल से कहीं जा रहे थे। लखनऊ-कानपुर हाईवे की लेन पर हंस धर्म कांटा के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राजू गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई, जबकि बाइक चालक फरार हो गया ।स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायल राजू को जिला अस्पताल उन्नाव पहुंचाया गया ।जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद राजू को मृत घोषित कर दिया। राजू की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। शुक्रवार सुबह परिजन मोर्चरी हाउस पहुंचे। परिजनों ने बताया कि राजू मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके दो बेटे और एक बेटी है ।दही थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि वाहन और चालक की पहचान हो सके। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के मदारी खेड़ा गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है।

मृतका के परिजनों ने पति और उसके एक साथी पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं, पति पक्ष इसे सड़क हादसा बता रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतका की पहचान 19 वर्षीय शिवानी के रूप में हुई है, जिसकी शादी बीते 19 फरवरी 2026 को मदारी खेड़ा निवासी अवधेश राजपूत से हुई थी। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर शिवानी को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। बताया गया है कि शिवानी गर्भवती भी थी ।मृतका के मायके पक्ष का आरोप है कि पति अवधेश राजपूत और उसके पड़ोसी दोस्त करन चौरसिया पुत्र विजय शंकर ने मिलकर शिवानी की हत्या की और फिर इसे सड़क हादसे का रूप देने की कोशिश की। हालांकि, पति अवधेश और दोस्त करन चौरसिया पुलिस को लगातार यह बता रहे हैं कि शिवानी की मौत सड़क दुर्घटना में हुई है। शिवानी की मां नन्ही देवी और परिजनों कीर्ता नंद व विमलेश ने बताया कि शादी के बाद से ही शिवानी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बीते 6 मई को पति अवधेश ने शिवानी के साथ मारपीट की थी, जिसकी जानकारी उसने मायके पक्ष को दी थी। परिजनों ने पहले से ही किसी अनहोनी की आशंका जताई थी।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और प्राप्त तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है।

## बोलोरो ने बाइक व गुमटी में मारी टक्कर मासूम समेत चार घायल

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के चकलवंशी-संडीला मार्ग पर एक अज्ञात बोलेरो चालक ने सड़क किनारे खड़ी बाइक और एक गुमटी को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में एक मासूम बच्चे सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में से तीन को पुलिस की मदद से मियांगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि एक बुजुर्ग का निजी चिकित्सक के यहां इलाज चल रहा है। यह घटना शुक्रवार दोपहर बाद चकलवंशी-संडीला मार्ग पर कोटरहा मोड़ के पास हुई। असरेन्दा गांव निवासी हरिपाल पुत्र बाबू लाल की गुमटी सड़क किनारे रखी थी। नौहाई खुर्द गांव निवासी सिकंदर (25) पुत्र रामदयाल अपने पारिवारिक भाई महेंद्र पुत्र रामदीन के साथ माखी थाना क्षेत्र के कोरारी कला गांव में दीदी के घर मुंडन संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। वे सामान लेने के लिए दुकान पर रुके थे ।उसी दौरान तेज रफ्तार बोलेरो चालक ने सड़क किनारे खड़ी बाइक को टक्कर मारते हुए गुमटी में जा घुसी। इस हादसे में गुमटी मालिक हरिपाल, उनका नौ वर्षीय पोता कार्तिक पुत्र देशराज, बाइक सवार सिकंदर और महेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से मियांगंज अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सिकंदर, महेंद्र और कार्तिक की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हरिपाल का इलाज एक निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है।

## पुरानी रंजिश को लेकर महिला व किशोर को पीटा दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते शुक्रवार ई रिक्शा पर टेंट का समान लाद कर जा रहे रिश्तेदार किशोर को रास्ते में बाइक लगा कर रोक लिया और गाली गलौज करने लगे बिरोध किया तो मारपीट करने लगे चीख-पुकार सुनकर मौसी पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की जिससे दोनों घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने किशोर की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही हैबादुल्ला खेडा गांव निवासी सुंदारा पत्नी स्व सुंदर लाल ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि ग्यारह मई को बेटी अर्चना की शादी हुई थी जिसके बाद बेटी ससुराल से मायके आयी थी और शुक्रवार को बिदाई होनी थी इसलिए नाते रिश्तेदार इकट्ठा हुए थे महमूद खेडा गांव निवासी बहनोई हरिप्रसाद का बेटा सौरभ 16 भी आया था और टेंट हाउस से मगांए गए सामान को ई रिक्शा पर लाद कर पहुंचाने जा रहा था इसी बीच माइनर पर गांव निवासी नरेश पुत्र रंजीत अपने अन्य साथियों के साथ पहुंचा और सौरभ को रोक कर गाली-गलौज करने लगा बिरोध किया तो मारपीट शुरू कर दी चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की और धमकी देते हुए मौके से भाग निकले घायल को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से सौरभ को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## सम्पादकीय

# नीट परीक्षा की शुचिता पर फिर उठे सवाल

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 का रद्द होना केवल एक परीक्षा का स्थगन नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा की शुचिता पर उठा बड़ा सवाल है। हरियाणा के गुरुग्राम, बिहार के नालंदा और राजस्थान के सीकर से सामने आए तथ्यों ने पूरे देश को चौंका दिया। फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के 300 से अधिक प्रश्न हाथ से लिखे गए एक कथित 'क्वेश्चन बैंक' में मिले, जिनमें से करीब 150 सवाल हूबहू नीट परीक्षा में पूछे गए। यह कोई संयोग नहीं हो सकता। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि किसी कोचिंग सामग्री या संभावित प्रश्न बैंक से कुछ प्रश्न मिल जाना सामान्य बात हो सकती है, लेकिन 720 में से लगभग 600 अंकों के प्रश्न एक ही स्रोत से आ जाना सीधे-सीधे संगठित फर्जीवाड़े की ओर इशारा करता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर देश की सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली परीक्षा में यह सेंध लगी कैसे? एनटीए वर्षों से दावा करता रहा है कि परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन, जीपीएस ट्रैकिंग, एआई-आधारित मॉनिटरिंग और 5जी जैमर जैसी अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। लेकिन जब परीक्षा से पहले ही कथित प्रश्नपत्र व्हाट्सएप ग्रुपों में घूमने लगें, तो यह तकनीकी दावों की पोल खोल देता है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि खतरा परीक्षा केंद्रों पर बैठा छात्र नहीं, बल्कि वह "घर का भेदी" है जो प्रिंटिंग प्रेस, डेटा सिस्टम या एजेंसी के भीतर बैठकर पूरी व्यवस्था को बेच रहा है। नीट परीक्षा का रद्द होना लाखों छात्रों के लिए मानसिक आघात है। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने दो-दो साल तक कोचिंग में दिन-रात मेहनत की, जिन्होंने परिवार की आर्थिक सीमाओं के बावजूद सपनों को जिंदा रखा, आज वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। परीक्षा रद्द होने का अर्थ केवल दोबारा परीक्षा देना नहीं होता; इसका मतलब है तनाव, अवसाद, आर्थिक बोझ और भविष्य की अनिश्चितता। ग्रामीण और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए यह पीड़ा और भी बड़ी है, क्योंकि उनके लिए हर अतिरिक्त महीना आर्थिक दबाव लेकर आता है। यह भी सच है कि इस पूरे भ्रष्ट तंत्र को केवल परीक्षा एजेंसी की कमजोरी ने जन्म नहीं दिया। निजी मेडिकल कॉलेजों की करोड़ों की फीस, कोचिंग उद्योग का अरबों का कारोबार और सरकारी सीटों की सीमित संख्या ने एक ऐसा बाजार खड़ा कर दिया है, जहां सफलता को मेहनत से ज्यादा "मैनेजमेंट" से जोड़कर देखा जाने लगा है। जब एक मेडिकल सीट की कीमत करोड़ों में पहुंच जाती है, तब पेपर लीक माफिया के लिए यह सबसे लाभकारी धंधा बन जाता है। पिछले कुछ वर्षों में लगभग हर बड़ी भर्ती और प्रवेश परीक्षा पर सवाल उठे हैं। कभी एसएससी, कभी रेलवे भर्ती, कभी शिक्षक पात्रता परीक्षा और अब नीट। हर बार जांच समितियां बनती हैं, कुछ गिरफ्तारी होती हैं, लेकिन सिस्टम जस का तस बना रहता है। यदि सरकार वास्तव में परीक्षा माफिया को खत्म करना चाहती है, तो उसे केवल निचले स्तर के दलालों को पकड़ने से आगे बढ़ना होगा। उन अधिकारियों, तकनीकी कर्मचारियों और संस्थागत नेटवर्क तक पहुंचना होगा जो इस पूरे खेल को संरक्षण देते हैं। अब समय केवल बयानबाजी का नहीं, कठोर सुधारों का है। परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह विकेंद्रीकृत और पारदर्शी बनाना होगा। प्रश्नपत्र निर्माण से लेकर प्रिंटिंग और वितरण तक हर चरण की स्वतंत्र ऑडिटिंग होनी चाहिए। संवेदनशील जिम्मेदारियों में शामिल कर्मचारियों की जवाबदेही तय हो और दोष सिद्ध होने पर कठोर सजा मिले। साथ ही, परीक्षा प्रणाली को तकनीक पर निर्भर बनाने के साथ-साथ मानव निगरानी और नैतिक जवाबदेही भी मजबूत करनी होगी।



मंथन

मनोज कुमार अग्रवाल

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के अवरुद्ध होने से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट से निपटने में भारत सरकार का कुशल प्रबंधन दुनिया के प्रभावित देशों के लिए एक मिसाल बन गया है, लेकिन मौजूदा समय में अमेरिका और इजराइल-ईरान के बीच जो हालात बने है उनसे ऐसा प्रतीत होता है कि फिलहाल होर्मुज स्ट्रेट मार्ग निर्बाध खुलने की संभावना नहीं है, जिसके चलते सरकार को उर्जा संकट से निपटने के लिए मौजूदा संसाधनों की समीक्षा और उर्जा जरूरतों के प्रबंधन की दीर्घकालिक नीति बनानी पड़ रही है। इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी ने आमजन से यह सात सूत्रीय अपील की है। जो देश को ऊर्जा संकट से बचा सकती है।

# नाजुक वक्त में काबिले गौर है पीएम की सलाह

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने हैदराबाद के संबोधन में देशवासियों को ऊर्जा संकट के इस दौर में ऊर्जा सुरक्षा संयमित उपयोग कर कर्तव्य बोध के प्रति जागरूक किया है। पीएम की इस 7 सूत्री अपील में न सिर्फ आम जन के बीच संकट की हालत में मनोबल और विश्वास बने रहने की प्रेरणा है साथ ही संकट से निपटने का मूलमंत्र भी है। सरकार वैश्विक संकट के इस दौर में नागरिकों के लिए सुरक्षा कवच बनकर डटी रही आयातित तेल पर भारी दाम वृद्धि को सरकार ने 24 से 30 रुपये प्रति लीटर भार वहन किया है पैट्रोल पर उत्पाद शुल्क 13 रुपये से घटित कर तीन रुपये लीटर कर दिया, जबकि डीजल पर उत्पाद शुल्क खत्म कर दिया है। आपको पता है कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के अवरुद्ध होने से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट से निपटने में भारत सरकार का कुशल प्रबंधन दुनिया के प्रभावित देशों के लिए एक मिसाल बन गया है लेकिन मौजूदा समय में अमेरिका और इजराइल-ईरान के बीच जो हालात बने हैं उनसे ऐसा प्रतीत होता है कि फिलहाल होर्मुज स्ट्रेट मार्ग निर्बाध खुलने की संभावना नहीं है। जिसके चलते सरकार को उर्जा संकट से निपटने के लिए मौजूदा संसाधनों की समीक्षा और उर्जा जरूरतों के प्रबंधन की दीर्घकालिक नीति बनानी पड़ रही है पूर्व तक यह अनुमान था कि होरमुज मार्ग का विवाद जल्द सुलझ जाएगा और स्थिति पूर्ववत सामान्य हो जाएगी लेकिन अब ऐसा नहीं है।

आपको बता दें कि होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा व्यापार के लिए सबसे महत्वपूर्ण संकीर्ण मार्ग है, जिससे भारत अपनी 90 फ़ीसदी से अधिक एलपीजी और लगभग 40 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है। ऐसी विषम परिस्थितियों में, जब दुनिया भर में ईंधन की भारी कमी और कीमतों में आग लगने का अंदेशा था, भारत सरकार ने दूरदर्शिता, कूटनीतिक कुशलता और त्वरित रणनीतिक निर्णयों से देश में ऊर्जा की सुव्यवस्था बनाए रखी बल्कि आम जनता पर बढ़ी कीमतों का भार भी नहीं बढने दिया। संकट का संकेत मिलते ही भारत सरकार ने आत्मनिर्भर भारत के विजन को क्रियान्वित करते हुए न केवल वैकल्पिक स्रोत तलाशे बल्कि घरेलू संसाधनों को भी मजबूत किया। भारत सरकार के कुशल प्रबंधन और कूटनीतिक संबंधों की बदौलत देश ने उस समय भी डीजल पेट्रोल और एलपीजी की कोई दिक्कत नहीं होने दी जब की देशों में बेहद परेशानी और किल्लत खड़ी हो गई थी स्पेन मिस्त्र श्रीलंका दक्षिण कोरिया फिलीपींस जापान पाकिस्तान बांग्लादेश आदि में वहां की सरकारों ने ईंधन राशनिंग, वर्क फ्रॉम होम, फ्यूल पास, स्कूल बंद जैसे अनेक प्रतिबंध भरे कदम उठाए लेकिन भारत सरकार की सूझ-बूझ और प्लानिंग के चलते ईंधन राशनिंग नहीं हुई, स्कूल बसों, वाहनों व परिवहन यातायात की गाड़ियों को मांग के अनुरूप फ्यूल मिलते रहने से कोई स्कूल बंदी नहीं हुई और न ही कोई दफ्तर बन्द करने पड़े। तमाम दफ्तर सामान्य तौर पर कार्यरत रहे जिससे कोई वर्क-फ्रॉम-होम निर्देश पारित करने की नौबत नहीं आने पाई। देश भर में खुदरा ईंधन की स्थिर आपूर्ति बनाए रखी गई। यह सब त्वरित सरकारी हस्तक्षेप से संभव हो पाया है। एलपीजी और घरेलू आपूर्ति संरक्षण व्यवधान के 8 दिनों के भीतर सरकार ने एलपीजी नियंत्रण आदेश जारी किया रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने का निर्देश दिया गया। घरेलू एलपीजी उत्पादन को 36,000



टन प्रति दिन से बढ़ाकर 54,000 टन प्रतिदिन कर दिया गया जो लगभग 50 फीसद की वृद्धि है। 9 दिनों के भीतर प्राकृतिक गैस आपूर्ति विनियमन आदेश जारी किया गया। पीएनजी घरेलू उपभोक्ताओं और सीएनजी सार्वजनिक परिवहन को 100 फीसदी आवंटन के साथ संरक्षित किया गया। सरकार द्वारा सार्वजनिक आपूर्ति बनाए रखने के लिए औद्योगिक आवंटन को भी सुचारू और युक्तिसंगत बनाए रखा। भारत सरकार द्वारा रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, पश्चिम बंगाल, अफ्रीका, अटलांटिक बेसिन से त्वरित संपर्क स्थापित कर ईंधन आपूर्ति की व्यवस्था की गई। भारत में एलपीजी की मांग लगभग 90,000 टन की प्रतिदिन की है जिसे वैकल्पिक ईंधन के इस्तेमाल के माध्यम से 70 से 75000 टन प्रतिदिन कर दिया गया है। भारत में घरेलू उत्पादन बढ़कर 54000 टन प्रतिदिन होने से शेष आयात की आवश्यकता घटकर 20,000 टन प्रतिदिन की रह गई है। सरकार द्वारा आठ लाख टन कार्गो पहले ही सुरिक्षत किए जा चुके हैं, जिससे आज हमारे पास चालीस दिनों का अग्रिम भंडार उपलब्ध है। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती घरेलू रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना था। इस कठिन समय में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा की गई पहल के तहत, सरकार ने पनामा नहर जैसे वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करते हुए अमेरिका, रूस, ऑस्ट्रेलिया और पश्चिम अफ्रीका से तेल और गैस आयात के लिए वैकल्पिक इंतजाम किए। इसके साथ ही, सरकार ने देश के रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार का बुद्धिमानी से उपयोग किया, जो भारत को अल्पावधि के लिए वैश्विक आपूर्ति झटकों से बचाते हैं। सरकार के इस कदम ने न केवल बाजार को स्थिरता प्रदान की, बल्कि ईंधन की कीमतों में अत्यधिक उछाल को रोकने में भी मदद की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत ने पश्चिम एशियाई देशों, विशेषकर सऊदी अरब, यूएई और ईरान के साथ निरंतर कूटनीतिक संवाद बनाए रखा इस के चलते होर्मुज संकट के बावजूद भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही बनी रहे। भारत की कूटनीतिक सक्रियता का ही परिणाम था कि ईरान ने सशर्त रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने पर सहमति व्यक्त की, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति में पूरी तरह से ठहराव की स्थिति टल गई। संकट काल में सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा के मोर्चे पर भी बड़ी सफलता हासिल की। भारत ने 2030 के लक्ष्य से पहले ही, 2026 में अपनी गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से स्थापित बिजली क्षमता का 50 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया। यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि जीवाश्म ईंधन पर हमारी निर्भरता को कम कर ऊर्जा सुरक्षा को दीर्घकालिक मजबूती प्रदान करता है। सरकार को देश की प्रगति यानी जीडीपी की रफ्तार की गति बनाये रखने के लिए किसी दीर्घकालिक रणनीति के अवलम्बन की आवश्यकता होगी हाल ही मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा विदेशी मुद्रा और आर्थिक संकट से निपटने के लिए देशवासियों से कई महत्वपूर्ण अपीलें कीं। मौजूदा संकट से निपटने के लिए प्रधानमंत्री ने मुख्य सुझाव दिया है। पीएम ने नागरिकों से पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने और सार्वजनिक परिवहन मैट्रो सिटी बस या इलेक्ट्रिक वाहनों का अधिक उपयोग करने को कहा।विदेशी मुद्रा भंडार बचाने के लिए, पीएम ने देशवासियों से कम से कम एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की।उन्होंने कोरोनकाल की तरह ही 'वर्क फ्रॉम होम' की व्यवस्था फिर से अपनाने को कहा, ताकि यात्रा कम हो और ईंधन बचे। यह न सिर्फ जरूरी है वरन देश के हर नागरिक को सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संकट से निपटने का संकल्प भी पैदा करने का प्रयास है।

नीट परीक्षा

बाल मुकुन्द ओझा



# सपने व हौसले तोड़ रहीं पेपर लीक की घटनाएं

देशभर में परीक्षाओं में पेपर लीक के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। पेपर लीक किसी राज्य विशेष का मामला नहीं है, अपितु यह देश की युवा आबादी के भविष्य से जुड़ा ज्वलंत विषय है। आज प्रतियोगी और भर्ती परीक्षाओं में शुचिता बनाए रखना किसी कठिनतम चुनौती से कम नहीं है। सरकारी नौकरी पाने का सपना हर शिक्षित युवा देखता है। इसके लिए वह सालों तक कड़ी मेहनत और रात दिन पढ़ाई करके परीक्षा में इस उम्मीद और विश्वास से बैठता है कि उसे सफल होना है, लेकिन पेपर लीक की घटनाएं ऐसे अभ्यर्थियों का सपना और हौसला तोड़ देती हैं। पेपर लीक के कारण आयोग्य उम्मीदवार बाजी मार कर शासनतंत्र का हिस्सा बन जाता है। भर्ती परीक्षाओं में सरकारी लापरवाही का खामियाजा बेरोजगारों को वर्षों से भुगतना पड़ रहा है। ताज़ा प्रकरण नीट यूजी 2026 परीक्षा से जुड़ा सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पेपर लीक और परीक्षा में अनियमितताओं के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने 3 मई 2026 को आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा को रद्द कर दिया है। केंद्र सरकार ने मामले की सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। 22 लाख से अधिक कैंडिडेट्स ने एग्जाम दिया था। राजस्थान के सीकर से नीट यूजी 2026 पेपर लीक का मामला सामने आया है। जांच में सामने आया कि इस गेस पेपर के कई सवाल असली परीक्षा से मिल रहे थे। बताया जा रहा है कि 720 नंबर की परीक्षा में करीब 600 नंबर के सवाल पहले से छात्रों तक पहुंच गए थे। यह कथित क्वेश्चन बैंक एक एमबीबीएस छात्र ने अपने दोस्त को भेजा था, जिसके बाद यह अलग-अलग लोगों तक फैल गया। राजस्थान एसओजी ने इस मामले में एक्शन लेते हुए देहरादून, सीकर और झुंझुनू से 13 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इससे पूर्व साल 2021 की सब-इंस्पेक्टर और प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा को राजस्थान हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने भी इस फैसले को बरकरार रखा। कोर्ट ने माना कि भर्ती प्रक्रिया में बड़े स्तर पर धांधली और सिस्टमेटिक पेपर लीक हुआ था। मामले में राजस्थान लोक सेवा आयोग यानी आीपीएससी के एक सदस्य की गिरफ्तारी भी हुई थी। अब ये परीक्षा दोबारा करवाई जा रही है। इसी बीच नीट पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में भारी हंगामा मच गया है। परीक्षा रद्द होने के बाद छात्रों का गुस्सा और बढ़ गया है। प्रदर्शन और आंदोलन भी शरू हो गया है। नेताओं ने बयान बाजी शरू कर दी है। अच्छे भविष्य के लिए लाखों युवाओं के लिए सरकारी नौकरियां किसी सपने से कम नहीं होती। सालों की मेहनत करने के बाद मिलने वाला एक मौका उनकी जिंदगी बदल सकता है। लेकिन क्या हो जब उनकी मेहनत पर पेपर लीक का दाग लग जाए? पेपर लीक की इस महामारी में सरकारी कर्मचारी शिक्षक अपराधी माफिया, कोचिंग सेंटर, आदि शामिल हैं। विभिन्न प्रदेशों में दर्जनों संगठित गिरोह सक्रीय है जिन्होंने पेपर लीक का ठेका ले रखा है। इन गैंगों ने मोटी राशि वसूलकर पेपर बेचने का आपराधिक कार्य किया। अनेक सरगना और और परीक्षार्थी पुलिस की पकड़ में है जिनसे गहरी पूछताछ की जा रही है। पेपर लीक की समस्या से जूझ रहे कई राज्यों में से राजस्थान भी एक है। राजस्थान में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक होने का सिलसिला कई सालों से चल रहा है। पिछले कांग्रेस शासनकाल में यह कार्य धड़ल्ले से चला। पेपर लीक प्रदेश के युवाओं के लिए अभिशाप बन गया है। इससे न सिर्फ भविष्य निर्माण के कीमती वर्ष बर्बाद हो रहे हैं बल्कि उनके परिवारों पर भी आर्थिक और मानसिक बोझ पड़ रहा है। प्रदेश में पेपर लीक होने की घटनाएं बढ़ती जा रही है। जिस वजह से एग्जाम को रद्द करना पड़ता है और ऐसे छात्रों के भविष्य पर भी असर पड़ता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इससे पूर्व आरएस भर्ती 2013 में प्री-एग्जाम का रिजल्ट आने के बाद पता चला कि पेपर पहले ही बाहर था, जिसकी वजह से पूरी परीक्षा रद्द हुई। कांस्टेबल भर्ती 2018 और 2022 दोनों ही बार पुलिस की अपनी ही परीक्षा का पेपर लीक हुआ था।

# अनासक्त हुए बिना करे दूसरों की भलाई



संकलित

दर्शन

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है। यह संसार चरित्र गठन की एक विशाल व्यायामशाला है। इसमें हम सभी को अभ्यास रूप में कसरत करनी पड़ती है, जिससे हम आध्यात्मिक बल से अधिकाधिक बलवान बनते रहें।

# दो अनमोल हीरे



संकलित

प्रेरणा

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊंट दिखाई पड़ा। व्यापारीव्यापारी ऊंट खरीद कर घर ले आया। घर पहुँचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊंट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊंट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट ख़रीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुंचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊंट बेचने वाला बहुत ख़ुश था। अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊंट बेचने वाला भड़क गया उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियां के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पश्चिम बंगाल में हिंसा क्यों

हाल ही में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव परिणाम आया है, और इसके बाद यहां हिंसा का सिलसिला शुरू हो गया। चुनाव के बाद यहां हिंसा का सिलसिला पुराना है, वर्ष 2011, 18, 19, 21 और अब 2026 के विधानसभा चुनाव के बाद भी ऐसा हो रहा है। इस हिंसा का कारण कहीं हारे हुए राजनीतिक दलों का बौखलाना तो नहीं? अगर ऐसा है तो यह सरासर गलत है और लोकतंत्र को कलंकित करने वाला है। लेकिन सवाल तो यह है कि इतनी सुरक्षा के बाद भी यहां हिंसा क्यों हो रही है? यहां से समय-समय पर हिंसा की ऐसी खबरें सुर्खियों में आती हैं जो लोकतंत्र को कटघरे में खड़ा करती हैं, साथ ही वहां की कानून व्यवस्था की भी पोल खोलती हैं। इस हिंसा पर त्वरित रूप से रोक लगनी चाहिए। *- प्रवीण अग्रवाल, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### हिमंत व मंत्रियों को शुभकामनाएं



मै असम के मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने पर हिमंत विश्व सरमा को और मंत्रियों के रूप में शपथ ग्रहण करने पर रामेश्वर तेली, अतुल बोरा, चरण बोरो और अजंता नियोग को हार्दिक बधाई और शुभकामनाए देता हू। भाजपा की डबल इंजन की सरकार असम के विकास में कोई कमी नही छोड़ेगी।
-जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री

### युवाओं के सपने कुचले



नीट 2026 की परीक्षा रद्द हो गई। 22 लाख से ज्यादा छात्रों की मेहनत, त्याग व सपनों को इस भ्रष्ट भाजपाई व्यवस्था ने कुचल दिया। लाखों बच्चों ने रात-रात भर जागकर पढ़ाई की और बदले में मिला-पेपर लीक, सरकारी लापरवाही व शिक्षा में संगठित भ्रष्टाचार। -राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### विश्वास पर बड़ा आघात



जब परीक्षाओं की शुचिता से समझौता होता है, तो यह केवल एक चूक नही, बल्कि उन लाखो अभ्यर्थियों के साथ विश्वासघात है जिन्होंने अनुशासन के साथ पढ़ाई की, सुख-सुविधाओं का त्याग किया और तैयारी के लिए रातों की नींद गवाई।
-नवीन पटनायक, नेता प्रतिपक्ष, ओडिशा

### निजी स्कूल मनमानी न करें



निजी स्कूलों को फीस सरचना का पूरा विवरण सार्वजनिक करना होगा। फीस और अन्य शुल्कों मे मनमानी तथा अनुचित वृद्धि पर पूरी तरह रोक रहेगी। अभिभावकों को परेशानी नही आने दी जाएगी। वर्दी और किताब किसी भी दुकान से खरीद सकेंगे।
-सम्राट चौधरी, सीएम बिहार

## करंट अफेयर

# अब कैमरून करेंगे 'फेमा' का नेतृत्व



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कैमरून हैमिल्टन को संघीय आपात प्रबंधन एजेंसी (फेमा) का नेतृत्व करने के लिए नामित किया। पूर्व नौसेना सील हैमिल्टन की यह एक आश्चर्यजनक वापसी है। उन्हें पिछले साल फेमा के अस्तित्व का बचाव करने के बाद इसके कार्यवाहक प्रमुख के पद से बर्खास्त कर दिया गया था। उन्हें नामित करने के साथ ही ट्रंप प्रशासन ने फेमा को भंग करने के अपने वादों से पीछे हटने के संकेत देना शुरू कर दिया है। फेमा एक ऐसी एजेंसी है जिसकी राष्ट्रपति द्वारा कड़ी आलोचना की गई है। हैमिल्टन ने तर्क दिया था कि फेमा को समाप्त करना देश के हित में नहीं है

## ऑफ बीट

# 'डिजिटल डिटॉक्स' क्या है, क्या इससे सेहत बेहतर हो सकती है



क्या आप हर समय स्क्रीन देखते रहते हैं? आज के समय में ईमेल भेजने से लेकर खाना ऑर्डर करने तक, लगभग हर काम के लिए लोग तकनीक पर निर्भर हैं। लेकिन लगातार ऑनलाइन जुड़े रहना शारीरिक और मानसिक थकान का कारण बन सकता है। इसी वजह से कुछ लोग डिजिटल डिटॉक्स अपना रहे हैं। इसका मतलब है एक निश्चित अवधि तक मोबाइल फोन, सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल उपकरणों से दूरी बनाना। यह अवधारणा ऑनलाइन तेजी से लोकप्रिय हो रही है। इसके समर्थक एनालॉग लाइफस्टाइल के स्वास्थ्य लाभों का प्रचार कर रहे हैं।

## संक्षेप

### बोलेरो और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, युवक की मौत

**दूसरा गंभीर घायल, हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार**

अमेठी , इन्हौना थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अहोरवा भवानी रोड पर बोलेरो और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उस पर सवार दोनों युवक सड़क पर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार घायल युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही इन्हौना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बोलेरो चालक मौके से फरारहादसे के बाद बोलेरो चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बोलेरो को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक युवक की पहचान कर ली गई है, जबकि फरार चालक की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### 8.44 लाख श्रमिकों को मिली डिजिटल पहचान

**ई-श्रम योजना से मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ**

अमेठी ,असंगठित क्षेत्र के 8 लाख 44 हजार 9 श्रमिकों को केंद्र सरकार की ई-श्रम योजना के तहत डिजिटल पहचान मिली है। इस महत्वाकांक्षी योजना ने जिले के लाखों मजदूरों, रेहड़ी-पटरी वालों, घरेलू कामगारों और छोटे कारीगरों को एक नई पहचान प्रदान की है।ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के बाद श्रमिकों को ई-श्रम कार्ड जारी किया जाता है। यह कार्ड केवल पहचान पत्र नहीं, बल्कि सुरक्षा कवच के रूप में भी कार्य करता है।पंजीकृत श्रमिकों को अब सरकारी कल्याणकारी योजनाओं जैसे आवास योजना और स्वास्थ्य बीमा में प्राथमिकता के आधार पर लाभ मिलेगा। इस योजना का एक प्रमुख लाभ दुर्घटना बीमा है। पंजीकरण के बाद यदि किसी श्रमिक की दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है या वह स्थायी रूप से दिव्यांग हो जाता है, तो उसके परिवार को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। आंशिक रूप से दिव्यांग होने पर एक लाख रुपये का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त, श्रमिकों के बुढ़ापे को भी सुरक्षित किया गया है।60 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद ई-श्रम कार्ड धारक श्रमिक को प्रति माह तीन हजार रुपये की पेंशन मिलेगी, जिससे उन्हें जीवनयापन में सहायता मिलेगी। अमेठी जिला प्रशासन लगातार शिविर लगाकर श्रमिकों का पंजीकरण करवा रहा है। अधिकारी उन सभी असंगठित श्रमिकों से अपील कर रहे हैं, जो अभी तक इस योजना से नहीं जुड़े हैं, कि वे जल्द से जल्द अपना पंजीकरण करवाकर सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाएं। जिले के सहायक श्रमायुक्त छत्रसाल बरनवाल ने बताया कि अमेठी में ई-श्रम के तहत लगभग 8.5 लाख श्रमिक पंजीकृत हैं।

# बैडमिंटन कोर्ट के सौन्दर्यीकरण कार्य का डीएम ने किया लोकार्पण

## इन्दिरा स्टेडियम की व्यवस्थाओं तथा खेल गतिविधियों का लिया जायजा

### फुटबाल कैम्प के नियमित खिलाड़ियों को वितरित किया किट

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा/मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। इन्दिरा गांधी स्पोर्टस स्टेडियम बहराइच के बहुउद्देशीय हाल में स्थित बैडमिंटन कोर्ट एवं छत के सौन्दर्यीकरण कार्य का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बहराइच के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल की उपस्थिति में सब जूनियर बालिका खिलाड़ी के हाथों फीता कटवाकर लोकार्पण किया गया। डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक एसोसिएशन बहराइच के आग्रह पर जिलाधिकारी के निर्देश पर विनियमित क्षेत्र अन्तर्गत विकास शुल्क से कार्यदायी संस्था उ.प्र. लघु उद्योग निगम लि. निर्माण खण्ड-4, देवीपाटन मण्डल द्वारा बैडमिंटन कोर्ट के सौन्दर्यीकरण का कार्य किया गया।

लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर इन्दिरा स्टेडियम में मौजूद डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक एसोसिएशन बहराइच के अध्यक्ष मनीष मल्होत्रा, सचिव मनोज गुप्ता, संरक्षक अशोक मातनहेलिया, वरिष्ठ पदाधिकारी बिपिन चन्द्र अग्रवाल, भागवत शुक्ला, बैडमिंटन संघ के सचिव राकेश सिंह, बैडमिंटन खिलाड़ी राना अनिल सिंह, अनुतोष कमल, अमरेंद्र, लोकेश तोलानी ने डीएम का आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि कोर्ट का सौन्दर्यीकरण हो जाने से जिले के खिलाड़ियों विशेषकर युवा खिलाड़ियों को अभ्यास करने में सुविधा होगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा इन्दिरा स्टेडियम में खेला इण्डिया के तहत संचालित फुटबाल कैम्प में नियमित आने वाले खिलाड़ियों को किट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए क्रीड़ाधिकारी आनन्द श्रीवास्तव द्वारा सभी आगन्तुकों का आभार ज्ञापित किया गया।

लोकार्पण के पश्चात डीएम श्री त्रिपाठी ने इन्दिरा स्टेडियम का भ्रमण कर संचालित किये जा शिविरों तथा खेल गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए अन्य अवस्थापनाओं को दुरूस्त कराये जाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर क्रीड़ाधिकारी, उप क्रीड़ाधिकारी अनुपमा धानुक, जीवन रक्षक रोहित सिंह, फुटबाल प्रशिक्षक खेलो इण्डिया सेन्टर विनोद कुमार मौजूद रहे।

# साइबर ठगी, के शिकार हुए दो क्रेडिट कार्ड धारक

## आईफोन व मोबाइल खरीदने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रूपईडीहा, बहराइच। कस्बा निवासी श्रीमती नजर पत्नी अंकुर गुप्ता, जो एक प्रतिष्ठित व्यापारी परिवार से संबंध रखती हैं, साइबर ठगी का शिकार हो गईं। ठगों ने उनके दो अलग-अलग बैंक खातों से जुड़े क्रेडिट कार्डों के माध्यम से कुल 2 लाख 16 हजार 918 रुपये की ऑनलाइन खरीदारी कर ली। मामले की शिकायत साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा स्थानीय साइबर सेल में दर्ज करा दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोटक बैंक की पटपड़गंज, दिल्ली शाखा के क्रेडिट कार्ड से 91 हजार 498 रुपये तथा एक्सिस बैंक की रूपईडीहा शाखा के क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 25 हजार 420 रुपये की अवैध खरीदारी की गई। बताया जा रहा है कि कोटक बैंक के कार्ड से रिलायंस डिजिटल से खरीदारी की गई, जबकि एक्सिस बैंक के कार्ड से फ्लिपकार्ट के माध्यम से आईफोन एवं नथिंग फोन खरीदे गए।

ऑनलाइन खरीदारी करने वाले व्यक्ति का नाम ह्लअंकिताह्व प्रदर्शित हो रहा है। साथ ही मोबाइल नंबर 7500824924 तथा पता सुषमा हॉस्पिटल, सेक्टर-8, इस्माइलगंज दशार्या गया है।

घटना की जानकारी तब हुई जब पीड़िता के ई-मेल पर खाते से धनराशि कटने का संदेश प्राप्त हुआ। इसके बाद श्रीमती नजर ने इसकी सूचना अपने पति अंकुर गुप्ता को दी। अंकुर गुप्ता ने बताया कि संबंधित सभी क्रेडिट कार्ड उनके पास सुरक्षित रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि न तो किसी ने उनसे ओटीपी मांगा और न ही किसी प्रकार की बैंकिंग जानकारी साझा की गई।

अंकुर गुप्ता के अनुसार उन्हें केवल 7078142940 नंबर से एक कॉल प्राप्त हुई थी, जिसमें कॉल करने वाले ने स्वयं को कोटक बैंक का कर्मचारी बताते हुए बात की थी। कॉल पर ह्लगौरवह्व नाम प्रदर्शित हो रहा था। इसके अतिरिक्त उन्होंने कोई जानकारी साझा नहीं की, फिर भी खाते से इतनी बड़ी रकम निकल जाना समझ से परे है।

पीड़ित व्यापारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई तथा रूपईडीहा थाने की साइबर सेल में भी लिखित शिकायत दी है। अंकुर ने बताया कि मैने दोनो बैंकों को ईमेल के जरिए पूरी जानकारी दे दी है ।पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# एएनटीएफ व रूपईडीहा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

### 10 किलो अफीम सहित दो तस्कर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को एएनटीएफ थाना बाराबंकी एवं थाना रूपईडीहा पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को 10 किलो 50 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारी बाबागंज से चरदा रोड पर की गई। रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में पंकज कुमार वर्मा पुत्र रामकुमार वर्मा निवासी ग्राम सुरैया बाबागंज थाना रूपईडीहा जनपद बहराइच तथा खीम बहादुर कार्की पुत्र खड़क बहादुर कार्की निवासी छींचू बाजार, जिला सुर्खेत नेपाल शामिल हैं ।पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि नेपाल के जाजरकोट निवासी अमर सिंह ने खीम बहादुर को रूपईडीहा स्थित पेट्रोल पंप पर बुलाकर अफीम से भरा बैग सौंपा था। उसे निर्देश दिया गया था कि उक्त बैग बाबागंज में ह्लकल्लूह्व नामक व्यक्ति को देना है, जिसके बदले 15 लाख रुपये मिलने थे। रुपये लेकर नेपालगंज वापस आने पर खीम बहादुर को दो लाख रुपये मेहनताना देने का लालच दिया गया था ।खीम बहादुर ने अपने पूर्व परिचित पंकज कुमार वर्मा को मोटरसाइकिल सहित रूपईडीहा पेट्रोल पंप पर बुलाया और दोनों आरोपी अफीम लेकर बाबागंज-चरदा रोड की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एएनटीएफ टीम एवं थाना रूपईडीहा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दोनों को धर दबोचा ।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10 किलो 50 ग्राम अफीम बरामद की है। मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# कैसरगंज विकास खंड सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक सम्पन्न

### जनप्रतिनिधियों ने विकास योजनाओं पर की चर्चा, क्षेत्र पंचायत सदस्यों का हुआ सम्मान

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज विकास खंड सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पयागपुर विधायक शुभास त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में गौरव वर्मा उपस्थित रहे। बैठक में कैसरगंज विकास खंड के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र पंचायत सदस्यों का अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास, जनहित योजनाओं, सड़क, पेयजल, स्वच्छता एवं ग्रामीण समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। विकास खंड प्रमुख कैसरगंज संदीप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि कैसरगंज क्षेत्र की जनता के विकास के लिए वह सदैव समर्पित रहेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए नई कार्य योजनाएं तैयार की जा रही हैं, जिनका लाभ सीधे ग्रामीण जनता को मिलेगा। उन्होंने क्षेत्र पंचायत सदस्यों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि जनता और क्षेत्र पंचायत सदस्यों के विश्वास एवं समर्थन से ही उन्हें यह दायित्व मिला है। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को गति देने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी ।मुख्य अतिथि शुभास त्रिपाठी ने भी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार गांवों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाएं। इस अवसर पर बदलू राम मिश्रा बुद्धसागर गुप्ता शिवम सिंह सहित क्षेत्र के सम्मानित नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी भारी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और विकास कार्यों को लेकर जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर क्षेत्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

# भारत नेपाल सीमा पर हो रहे प्रभावित व्यापार के लिये रुपईडीहा व्यापार मंडल ने गृहमंत्री को भेजा पत्र


अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर

रूपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर हाल के दिनों में लागू की जा रही नई व्यवस्थाओं और नियमों को लेकर सीमावर्ती व्यापारियों में चिंता बढ़ती जा रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, रूपईडीहा की ओर से भारत सरकार के गृहमंत्री को पत्र भेजकर सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्पन्न हो रही परिस्थितियों पर गंभीर ध्यान देने की मांग की गई है ।व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि भारत और नेपाल के बीच सदियों पुराने रोटी-बेटी, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं व्यापारिक संबंध रहे हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के बीच भाईचारा और आपसी सहयोग दोनों देशों की विशेष पहचान रहा है। सीमा से जुड़े बाजारों की अर्थव्यवस्था भी वर्षों से पारंपरिक व्यापारिक गतिविधियों पर आधारित रही है ।पत्र में उल्लेख किया गया है कि नेपाल में नई सरकार के गठन के बाद लागू किए जा रहे विभिन्न नियमों एवं कठोर व्यवस्थाओं के कारण भारत-नेपाल के पारंपरिक संबंध प्रभावित होते दिखाई दे रहे हैं। सीमावर्ती व्यापार, सामाजिक संपर्क और आवागमन पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है ।व्यापार मंडल ने आशंका जताई है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो दोनों देशों के बीच वर्षों पुराने आत्मीय संबंध कमजोर हो सकते हैं ।व्यापार मंडल ने कहा कि नई व्यवस्थाओं के कारण सीमावर्ती व्यापारियों, छोटे दुकानदारों, श्रमिकों और आम नागरिकों को आर्थिक एवं सामाजिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सीमावर्ती बाजारों में व्यापार प्रभावित हो रहा है तथा दोनों देशों के नागरिकों के बीच सहज संपर्क भी बाधित हो रहा है ।पत्र के माध्यम से गृहमंत्री से आग्रह किया गया है कि भारत सरकार स्तर पर आवश्यक पहल कर उचित समाधान कराया जाए, जिससे भारत-नेपाल के पारंपरिक मित्रतापूर्ण संबंध और सीमावर्ती व्यापारिक व्यवस्था पूर्व की भांति सुचारु बनी रहे ।इस पत्र की प्रतिलिपि विदेश मंत्री भारत सरकार,सांसद आनंद गौड़ तथा जिलाधिकारी बहराइच को भी भेजी गई।

# भीषण गर्मी में आयुर्वेद अपनाने की सलाह, छात्राओं ने किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा




बहराइच। भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए डा. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज सबलापुर, बहराइच की बीएएमएस छात्राओं ने लोगों को आयुर्वेदिक उपायों के प्रति जागरूक किया। कॉलेज की छात्रा रिचा सिंह एवं दिव्यांशी वर्मा ने लोगों को गर्मी से बचाव के लिए खानपान और दिनचर्या में सावधानी बरतने की सलाह दी। छात्राओं ने बताया कि तेज धूप और लू से बचने के लिए अधिक मात्रा में पानी, छाछ, बेल का शरबत, नारियल पानी और सत्तू जैसे पेयों का सेवन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में गर्मी से बचाव के लिए कई प्रभावी औषधियां एवं घरेलू उपाय बताए गए हैं, जिनका नियमित प्रयोग शरीर को ठंडक पहुंचाने के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाता है। उन्होंने लोगों को दोपहर में अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने, हल्के सूती कपड़े पहनने तथा तली-भुनी व मसालेदार चीजों से परहेज करने की सलाह दी। छात्राओं ने कहा कि आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाकर लोग गर्मी जनित बीमारियों से काफी हद तक बच सकते हैं।

### रिचा सिंह ने दिए ये सुझाव

बीएएमएस छात्रा रिचा सिंह ने बताया कि गर्मी में शरीर को हाइड्रेट रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों को अधिक पानी पीने, मौसमी फलों का सेवन करने तथा धूप में निकलते समय सिर ढककर चलने की सलाह दी।

### दिव्यांशी वर्मा ने आयुर्वेदिक दिनचर्या पर दिया जोर

बीएएमएस छात्रा दिव्यांशी वर्मा ने कहा कि आयुर्वेदिक पेय पदार्थ एवं संतुलित आहार शरीर को गर्मी से बचाने में सहायक होते हैं। उन्होंने लोगों को ताजे भोजन का सेवन करने और लू से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की।

# मरीज की मौत:परिजन बोले-डॉक्टर- और स्टाफ इलाज करने की बजाए बिल को लेकर उलझे रहे लापरवाही से गई जान

## परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन, डॉक्टर और स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , एक निजी अस्पताल पर इलाज में लापरवाही का गंभीर आरोप लगा है। समय पर इलाज न मिलने से एक मजदूर की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन, डॉक्टर और स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में पुलिस ने शिकायत लेकर जांच शुरू कर दी है। थाना मडराक क्षेत्र के गांव नौहटी निवासी रानी देवी ने थाना सासनी गेट में तहरीर देकर बताया कि उनके पति हुकमपाल राजमिस्त्री का काम करते थे। परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा हैं, जिनकी अभी शादी नहीं हुई है। परिजनों के मुताबिक, 10 मई 2026 को समस्तपुर कीरतपुर में मकान की छत का पटाव डालते समय पटिया टूट गई, जिससे हुकमपाल नीचे गिर पड़े। हादसे में उनके हाथ में फ्रैक्चर हो गया और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि घायल अवस्था में उन्हें दोपहर करीब तीन बजे शहर के शेखर सर्राफ मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, लेकिन अस्पताल में तत्काल इलाज शुरू नहीं किया गया। परिजनों का कहना है कि डॉक्टरों और स्टाफ ने उपचार की बजाय जांच और बिलिंग प्रक्रिया पर अधिक ध्यान दिया, जबकि मरीज दर्द से तड़पता रहा ।मृतक के परिजन योगेश कुमार ने आरोप लगाया कि डॉक्टर अस्पताल स्टाफ को निर्देश देकर चले गए और घायल को प्रशिक्षित डॉक्टरों की बजाय कर्मचारियों के भरोसे छोड़ दिया गया। समय पर विशेषज्ञ इलाज न मिलने से हुकमपाल की हालत लगातार बिगड़ती गई। करीब चार घंटे बाद रात आठ बजे डॉक्टरों ने हुकमपाल को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर रिकॉर्ड में समय संबंधी हेरफेर करने का भी आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीड़ित परिवार ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# पूर्व विधायक के स्कूल बस हादसे पर कार्रवाई

## भाजपा विधायक और मंत्री पर लगाए गंभीर आरोप

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर ,पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा के स्कूल बस और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच टक्कर हो गई। इस घटना के बाद पुलिस ने स्कूल प्रबंधक, प्रधानाचार्य और बस चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि विधायक सलोना कुशवाहा के इशारे पर उनके स्कूल से जुड़े लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, जबकि टक्कर ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बस को मारी थी। वर्मा ने बताया कि उनका सुभद्रा देवी महेश चंद्र इंटर कॉलेज है। गुरुवार को स्कूल स्टाफ को बस से शहर लाया जा रहा था ।विधायक सलोना कुशवाहा के आवास के पास एक ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली ने स्कूल बस को टक्कर मार दी,जिससे बस पलट गई ।इस हादसे में बस में सवार 16 लोग घायल हुए थे।

पूर्व विधायक के अनुसार,उनकी शिकायत पर कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके विपरीत,थाना प्रभारी ने उन्हें बताया कि स्कूल प्रबंधक, प्रधानाचार्य और बस चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। वर्मा ने आरोप लगाया कि हादसा भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा के आवास के पास हुआ, लेकिन वह मौके पर नहीं आईं और उनके स्कूल के खिलाफ ऋकफ दर्ज करा दी गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बस चालक को पुलिस ने थाने में बंद कर दिया और उसे हिरासत में लेने की धाराएं भी नहीं बताईं। वर्मा ने दावा किया कि पुलिस पर भारी दबाव है और यह लोकतंत्र की हत्या है।

# 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

### हत्या के प्रयास, फायरिंग समेत चार गंभीर मामलों में फरार था

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,पुलिस ने फायरिंग कर क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी वैभव कुमार त्रिपाठी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को पट्टी प्रेमधर पट्टी के तालाब के पास से दबोचा ।पुलिस के अनुसार, वैभव के खिलाफ हत्या का प्रयास, फायरिंग, छेड़खानी, मारपीट और धमकी जैसी गंभीर धाराओं में पहले से चार मुकदमे दर्ज हैं। उसकी उम्र करीब 27 वर्ष है और वह सिधारी पट्टी प्रेमधर का निवासी है। बताया गया कि नगर कोतवाली क्षेत्र के सागर गांव में एक दुकान पर परफ्यूम को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद आरोपी अपने साथियों के साथ अवैध असलहों से लैस होकर पहुंचा और जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। इस घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी और दहशत फैल गई थी। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी। फरार चल रहे वैभव त्रिपाठी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया थागिरफ्तारी के समय उसके पास से एक अवैध पिस्टल भी बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि घटना में इस्तेमाल की गई पिस्टल और कारतूस उसने किशुनदासपुर पुल के पास एक मंदिर के पीछे झाड़ियों में मिट्टी के नीचे छिपा दिए थे। पुलिस उसकी निशानदेही पर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

### भाई ने लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप; बोला- बोलेरो की मांग पूरी न होने पर की गई हत्या

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ के लालगंज में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका के भाई ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार, लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे नक्का मठहा निवासी प्रमोद यादव ने पुलिस को बताया कि उनकी बहन पूनम यादव (30 वर्ष) की शादी करीब पांच साल पहले पूरे हरिकिशुन के संतोष यादव से हुई थी।

### शादी के बाद भी बोलेरो की मांग

मृतक महिला का भाई प्रमोद यादव का आरोप है कि शादी के बाद से ही पूनम को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। ससुराल पक्ष लगातार बोलेरो वाहन की मांग कर रहा था। मांग पूरी न होने पर पूनम के पति संतोष और उसकी मां मालती देवी द्वारा उसे अक्सर पीटा जाता और घर से निकाल दिया जाता था।

### आरोपियों ने की मारपीट, गंभीर घायल

होली के दिन भी आरोपियों ने पूनम के साथ मारपीट की, उसके जेवर छीन लिए और उसे घर से निकाल दिया था। हालांकि, रिश्तेदारों के हस्तक्षेप के बाद उसे वापस ससुराल भेज दिया गया था। रात करीब 9:30 बजे पूनम ने अपनी मां को फोन कर बताया था कि उसके साथ फिर मारपीट की जा रही है।

### अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

सूचना मिलने पर परिवार के लोग करीब 12बजे मौके पर पहुंचे, तो उन्हें पता चला कि पति संतोष पूनम को कार से ट्रामा सेंटर ले गया है। जब पीड़ित परिवार अस्पताल पहुंचा।

## संक्षेप

### किसानों ने की मुआवजे की मांग

**अधिग्रहित जमीन के लिए पहुंचे डीएम कार्यालय, कार्रवाई का मिला आश्वासन**

बागपत , निवाड़ा और सीसाना गांव के किसान बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने औद्योगिक विकास के लिए अधिग्रहित की गई अपनी जमीन के उचित मुआवजे की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक शिकायती पत्र सौंपा। किसानों का आरोप है कि वर्षों पहले उनकी जमीन का अधिग्रहण किया गया था, लेकिन उन्हें अब तक उचित मुआवजा नहीं मिला है।मुख्यमंत्री के नाम सौंपा शिकायती पत्रकिसानों के अनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम (यूपीएसआईडीसी) द्वारा वर्ष 1999 में उनकी जमीन अधिग्रहित की गई थी। उस समय उन्हें लगभग 41 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से मुआवजा दिया गया था। किसानों का दावा है कि उस दौरान बाजार मूल्य और सर्किल रेट इससे कहीं अधिक था।किसानों से भेदभाव का आरोपकिसानों ने बताया कि उन्होंने उस समय भी प्रशासन और अधिकारियों से कई बार शिकायतें की थीं, लेकिन उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका यह भी कहना है कि अन्य परियोजनाओं में सरकार द्वारा अधिक दरों पर मुआवजा दिया गया, जबकि उनके साथ भेदभाव किया गया। दोबारा मुआवजा निर्धारित करने की मांगकिसानों का आरोप है कि उनकी भूमि का उपयोग औद्योगिक विकास के लिए किया गया, जिससे सरकार और कंपनियों को लाभ हुआ, लेकिन उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे किसानों ने मांग की है कि वर्तमान सर्किल रेट और बाजार मूल्य के अनुसार उन्हें दोबारा मुआवजा निर्धारित कर दिया जाए।जिलाधिकारी ने कार्रवाई का आश्वासनकिसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। वहीं, जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने किसानों को आश्वासन दिया है कि मामले की जांच कर संबंधित विभाग से रिपोर्ट मांगी जाएगी और नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

### महिला ने पड़ोसियों पर लगाए गंभीर आरोप

**मकान निर्माण रोकने और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत**

बागपत, जिले के चांदीनगर थाना क्षेत्र के ललियाना गांव में एक महिला ने पड़ोसियों पर मकान निर्माण रुकवाने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और न्याय की गुहार लगाई। महिला का कहना है कि दबंग पड़ोसी लगातार गाली-गलौज कर रहे हैं और मकान का निर्माण नहीं होने देना चाहते। मामले को लेकर गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।लैंटर डालने और गेट लगाने का किया विरोधपीड़िता के अनुसार, वह गांव में अपने मकान का निर्माण कार्य करा रही हैं।इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों ने उनके मकान पर लैंटर डालने और गेट लगाने का विरोध शुरू कर दिया। महिला का आरोप है कि आरोपी निर्माण कार्य रुकवाने के लिए लगातार दबाव बना रहे हैं।गाली-गलौज और धमकी देने का आरोपमहिला ने शिकायत पत्र में बताया कि आरोपी आए दिन गाली-गलौज करते हैं और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी देते हैं। उनका कहना है कि इससे परिवार के लोग भयभीत हैं और निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है।

# ब्रिटिश मौलाना के मदरसे पर बुलडोजर कार्रवाई अवैध

## हाईकोर्ट ने कहा- कमिश्नर और डीएम ने मनमानी की, ध्वस्तीकरण के आदेश को रद्द किया

अमन लेखनी समाचार




प्रयागराज , इलाहाबाद हाईकोर्ट से संतकबीरनगर के डीएम और बस्ती मंडलायुक्त को बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने ब्रिटिश मौलाना शमशुल हुदा खान के मदरसा पर बुलडोजर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को अवैध करार दिया है। हाईकोर्ट ने मंडलायुक्त बस्ती और संतकबीर नगर डीएम के मदरसा ध्वस्तीकरण आदेश को अवैध बताते हुए आदेश रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा- दोनों अधिकारियों ने अपने क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर मदरसे का ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया है। अफसरों ने अपनी मनमानी में ये कार्रवाई की है। डीएम संतकबीर नगर का आदेश रद्द 14 नवंबर 2025 को मदरसे की जमीन को स्टेटलैंड बताने वाले डीएम संतकबीर के आदेश को भी हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने कमिश्नर बस्ती द्वारा निगरानी अपील खारिज करने के आदेश को भी रद्द कर दिया है। कार्रवाई को चुनौती देते हुए याचिका हुई हाईकोर्ट में मदरसा कमेटी की तरफ से ध्वस्तीकरण को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की गई थी। कमेटी ने बिना किसी नोटिस के मदरसा ध्वस्त किए जाने का आरोप लगाते हुए याचिका दाखिल की थी।हाईकोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए अधिकारियों के रवैए पर नाराजगी जताते हुए पूरी कार्रवाई को अवैध करार दिया। मदरसा ध्वस्तीकरण के आदेश को हाईकोर्ट ने पूरी तरह से अवैध बताते हुए इसे अफसरों की मनमानी कहा। मदरसा कमेटी ध्वस्तीकरण पर मुआवजा और अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग कर रही है।अब पढ़िए क्या था मामला 25 अप्रैल को प्रशासन ने मदरसे को लगभग ढहा दिया था। 13 घंटे तक कार्रवाई चली थी। चारदीवारी और 10 से अधिक पिलर तोड़े गए थे। पीछे का करीब 15 फीट हिस्सा और कमरों की आगे-पीछे की दीवारें ढहा दी गई थीं। प्रशासन ने 26 अप्रैल सुबह 10 बजे दूसरे दिन की कार्रवाई शुरू की। आगे के हिस्से को तोड़ने के लिए 2 पोकलेन मशीनें और 5 बुलडोजर लगाए गए, लेकिन थोड़ी देर बाद एक पोकलेन मशीन में खराबी आ गई थी। इसके बाद करीब एक घंटे तक कार्रवाई चली।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को हाईकोर्ट से राहत

## कोर्ट ने आशुतोष महाराज की अवमानना याचिका खारिज की, कहा- ये मामला नहीं बनता

अमन लेखनी समाचार




प्रयागराज , इलाहाबाद हाईकोर्ट से शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ दाखिल अवमानना याचिका खारिज कर दी। अग्रिम जमानत की शर्तों के उल्लंघन का आरोप लगाकर आशुतोष महाराज ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की थी।हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा अवमानना का मामला नहीं बनता है। कोर्ट ने कहा याची को जमानत रद्द करने के लिए याचिका दाखिल करने की छूट है। पॉक्सो के तहत दर्ज मामले में हाईकोर्ट से मिली अग्रिम जमानत की शर्तों के उल्लंघन का आरोप लगाकर याचिका दाखिल हुई थी। आशुतोष ब्रह्मचारी ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल कर जमानत रद्द करने की मांग की थी।न्यायमूर्ति रोहित रंजन ने खुद को अलग किया था इससे पहले 9 मई कोइलाहाबाद हाईकोर्ट के जज ने शंकराचार्य केस से खुद को अलग कर लिया था। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े मामले को चीफ जस्टिस के पास भेजा था। उन्होंने इस केस की सुनवाई दूसरी बेंच से कराने का अनुरोध किया था। अब नई बेंच मामले की सुनवाई करेगी। दरअसल, आशुतोष महाराज ने अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद पर कोर्ट की अवमानना का आरोप लगाया था। बटुकों के कथित मामले में आशुतोष महाराज ने ही अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ ऋकफ दर्ज कराई थी। आशुतोष महाराज शामली के कांधला के प्राचीन शाकुंभरी सिद्धपीठ से जुड़े हैं। शंकराचार्य और मुकुंदानंद ने जमानत शर्तों का उल्लंघन कियाअविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी पर नाबालिगों के साथ यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगे हैं।

# शादी समारोह में ताबड़तोड़ फायरिंग

**शादी समारोह में मची भगदड़, मासूम सहित दो युवक घायल, पुरानी रंजिश के चलते की गई फायरिंग**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,लोहिया नगर थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। रात कमला रोड स्थित स्टार हेरीटेज शादी मंडप में हुई इस घटना में दो युवक और एक मासूम गोली लगने से घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।पुलिस के अनुसार, यह फायरिंग पुरानी रंजिश के चलते हुई। घटना के बाद शादी मंडप में भगदड़ मच गई और हमलावर ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश कर रही है। लिसाड़ी गेट क्षेत्र की खेड़े वाली मस्जिद के रहने वाले फैजान पुत्र नूर मोहम्मद के वलीमा का कार्यक्रम स्टार हेरीटेज मंडप में चल रहा था। रात करीब 10 बजे फायरिंग की घटना हुई। बताया जा रहा है कि खेड़ी वाली मस्जिद के इरफान और उनके भाई राजा की वहीं के सुहेल पुत्र जाहिद से पुरानी रंजिश थी।इसी रंजिश के चलते सुहेल अपने साथी जुनैद उर्फ काला के साथ मंडप में पहुंचा और इरफान व उनके भाई राजा पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस दौरान इरफान, राजा और एक मासूम गोली लगने से घायल हो गए।सूचना मिलते ही एसपी सिटी दो थानों (लिसाड़ी गेट और लोहिया नगर) की पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

और आरोपियों की तलाश शुरू की। बताया जा रहा है कि दोनों ही पक्ष अवैध हथियारों की सप्लाई में शामिल हैं। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# ढाबा संचालक को पुलिसकर्मियों ने पीटा

## आरोपी आरक्षियों को एसएसपी ने किया सस्पेंड, अंडाकरी नहीं मिलने से गुस्साए थे पुलिसवाले

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , जानी थानाक्षेत्र के रोहटा में तैनात दो पुलिसकर्मियों ने ढाबा संचालक के साथ जमकर मारपीट कर दी। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। जिसके बाद दोनों आरोपी आरक्षियों को एसएसपी ने निलंबित कर दिया है। दोनों पुलिसकर्मियों ने मिलकर ढाबा संचालक यशपाल और सोनू के साथ मारपीट की थी। आरोपी पुलिसकर्मी अमित कुमार और भारत को निलंबित कर दिया गया है। सीओ सरधना आशुतोष कुमार ने बताया कि दोनों आरक्षियों के द्वारा मारपीट करने की शिकायत मिली थी। शिकायत के आधार पर दोनों पुलिसकर्मियों पर एक्शन लिया गया है। जानी थाना क्षेत्र के भोलाझाल चौकी से चंद कदमों की दूरी पर मंगलवार देर रात ढाबा संचालक की जमकर मारपीट कर दी गई। आरोप है कि रोहटा थाने के पुलिसकर्मियों ने मिलकर ढाबा संचालक यशपाल सैनी उसके भाई सोनू को बुरी तरह पीटा है। पीटने की वजह अंडाकारी न मिलना बताया जा रहा है।

### रोटी बनाने वाले चिमटे से दोनों को पीटा

पीड़ित यशपाल ने बताया कि उसने पुलिसवालों को अंडाकरी परोसने से मना किया था। बस इतनी सी बात पर दोनों पुलिसवाले गुस्से में आ गए। यशपाल ने बताया कि पुलिसवाले नशे में थे। इसके बाद दोनों पुलिसकर्मियों ने पहले ढाबे में तोड़फोड़ कर दी। कुर्सियां तोड़ दी। रोटी बनाने वाले चिमटे से ही यशपाल उसके भाई को पीट दिया। अस्पताल में भर्ती हैं पिता कहने पर भी नहीं माने पुलिसकर्मी यशपाल ने बताया कि हमारा परिवार तो पहले से दुखी था। क्योंकि हमारे पापा पहले से केएमसी अस्पताल में भर्ती हैं, उनका इलाज चल रहा है। बड़ा भाई थोड़ी देर पहले ही उन्हें खून देकर लौटा था। लेकिन पुलिसकर्मियों को इससे भी फर्क नहीं पड़ा। आरोप है कि दो कारों में सवार होकर चार पुलिसकर्मी और आठ अन्य लोग ढाबे पर पहुंचे। कई लोग नशे में धुत्त थे और कुछ के पास चाकू भी बताए गए।यशपाल ने बताया कि पुलिसवालों ने आते ही कहा कि अंडाकरी, मिक्सवेज लेकर आओ।

# युवक पर सरेबाजार हमला

**भतीजे से गाली-गलौच का विरोध करने पर 10-12 लोगों ने पीटा, थाने पर हंगामा**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,लालकुर्ती थाना क्षेत्र में एक युवक पर सरेबाजार हमला किया गया। युवक ने अपने भतीजे के साथ हुई गाली-गलौच का विरोध किया था, जिसके बाद 10-12 लोगों ने उसे पीटा और घायल कर दिया। घटना के बाद पीड़ित अपने साथियों के साथ थाने पहुंचा और हंगामा कर दिया और आरोपियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की। दरअसल लाल कुर्ती क्षेत्र के घोसी मोहल्ला निवासी डेनिस चंदेल ने बताया कि वाल्टास एसी सर्विस सेंटर का मालिक अनीस उनके भतीजे के साथ अभद्रता कर रहा था। डेनिस ने मौके पर पहुंचकर इसका विरोध किया और अपने भतीजे को वहां से ले गए। आरोप है कि करीब डेढ़ घंटे बाद जब डेनिस अग्रवाल डेरी पर दूध लेने पहुंचे, तो अनीस अपने 10-12 साथियों के साथ वहां पहले से मौजूद था। आरोपियों ने डेनिस को घेर लिया और लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उस पर पंच से भी हमला किया गया, जिससे वह घायल हो गया।बाजार में मौजूद लोगों ने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।घायल युवक डेनिस अपने साथियों के साथ लालकुर्ती थाने पहुंचे और आरोपी अनीस समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी। थाना प्रभारी हरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है



# 27 लाख लूटने वाले जुबैर-समीर एनकाउंटर में ढेर

## 20 मिनट तक 15 राउंड फायरिंग की; दरोगा और 2 सिपाही घायल; दो बदमाश भागे

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , कैश वैन से 27 लाख लूटने वाले दो 2 बदमाश समीर और जुबैर को रात पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया। दोनों पर एक-एक लाख का इनाम था। जुबैर लूटकांड का मास्टरमाइंड था। यह मुठभेड़ वेव सिटी थाना क्षेत्र में हुई। ऊउढ सिटी धवल जायसवाल ने बताया, पुलिस को सूचना मिली कि रात में वेव सिटी क्षेत्र में बदमाश किसी घटना को अंजाम देने जा रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी की, तभी संदिग्ध स्विफ्ट कार दिखाई दी। पुलिस ने जब गाड़ी रुकवाने की कोशिश की, तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। एक सब इंस्पेक्टर और दो कॉन्स्टेबल गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की तो बदमाश जंगल में कार छोड़कर पैदल भागने लगे। दोनों तरफ से 20 मिनट में करीब 15 से ज्यादा राउंड फायर हुए, जिसमें दो बदमाश मारे गए हैं। जबकि 2 अन्य फरार हो गए हैं। समीर के 2 गोली लगीं। जबकि जुबैर के सीने में एक गोली लगी। वहीं फरार बदमाशों की तलाश में 5 टीम में लगाई गई हैं लूट के 9 लाख 10 हजार रुपए मिलपुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड़ ने बताया, 4 बदमाश स्विफ्ट कार से आए थे। समीर और जुबैर के पास से लूटे गए 9 लाख 10 हजार रुपए कैश बरामद हुए हैं। पुलिस ने मौके से दो पिस्टल, दो तमंचे और लूट में इस्तेमाल की गई स्विफ्ट कार भी बरामद की है। दोनों बदमाश गाजियाबाद के विजयनगर इलाके के रहने वाले थे। घायलों को अस्पताल भेजा गया है।6 बदमाशों ने 6 मई को कैश वैन के ड्राइवर को बंधक बनाकर 27 लाख रुपए लूट लिए थे। बाद में घटनास्थल से करीब 8 किलोमीटर दूर वैन को मसूरी थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे पर छोड़कर भाग गए थे।बदमाशों ने सबूत मिटाने के लिए कैश वैन में लगे सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर को कुल्हाड़ी से तोड़ दिया था। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने सोमवार को मोहम्मद कैफ और मोहम्मद रिजवान को गिरफ्तार किया था।डीसीपी धवल जायसवाल ने बताया कि पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड़ ने समीर और जुबैर पर एक-एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। अभी समीर का भाई शोएब और फिरोज फरार हैं।बदमाशों ने इसी कैश वैन को लूटा था, इसके बाद इसे मसूरी थाना क्षेत्र में छोड़कर भाग गए।बदमाशों ने इसी कैश वैन को लूटा था, इसके बाद इसे मसूरी थाना क्षेत्र में छोड़कर भाग गए।बांस-बल्ली की दुकान चलाता था जुबैरडकैती का मास्टरमाइंड जुबैर विजयनगर में बांस-बल्ली की दुकान चलाता था।

# सोशल मीडिया पर अवैध हथियार बेचने वाला गैंग

## हर किसी को मिली हुई थी अलग जिम्मेदारी, परिवार संग रहते ताकि शक ना हो

अमन लेखनी समाचार




मेरठ ,अवैध हथियारों पर पुलिस की सख्ती के बाद तस्करों ने काम करने का तरीका बदल दिया है। वह परिवार को साथ लेकर आबादी के बीच रहते हुए काम करते हैं ताकि किसी को शक ना हो पाए। लिसाड़ीगेट पुलिस ने जिस गैंग का पदार्फाश किया, वह इसी तरह काम करता आ रहा था। पत्नी व बच्चों की मौजूदगी शक की गुंजाइश ही नहीं छोड़ती थी। गैंग का खुलासा होने के बाद उस इलाके के लोग भी हैरान हैं। अमजद ने लिया किराए का मकान जनकपुरी के जिस मकान में अवैध हथियार तैयार किये जा रहे थे, वह मोहम्मद फरहान का मकान है। कुछ महीने पहले ही उनके द्वारा यह तैयार कराया गया था। हालांकि पूरा परिवार ईरा गार्डन में रहता है। अमजद पहले ईरा गार्डन में ही रहा करता था।वहां किसी ब्रोकर ने अमजद की मुलाकात फरहान के परिवार से कराई जो मकान किराये पर देने के लिए राजी हो गया। लगभग एक माह पहले अमजद मकान में शिफ्ट हुआ। परिवार साथ था, इसलिए फरहान के परिवार को शक नहीं हुआ। सप्लाई के लिए यहीं मिलता था सामान पुलिस की मानें तो अमजद के इस मकान में तैयार माल रखा जाता था। सप्लायर यहां से ही माल सप्लाई के लिए ले जाते थे। पुलिस ने जब दबिश डाली तो मोईन और शादाब यहां से माल लेकर सप्लाई के लिए निकल रहे थे लेकिन पुलिस के हत्थे चढ़ गए।सभी आरोपियों की अलग-अलग जिम्मेदारी 1. नाम : मोईन काम : हथियार तस्करी शिक्षा : 9वीं पास पिता : अब्दुल जब्बार (पूर्व प्रधान) माता : मुन्नी बेगम (जिला पंचायत सदस्य) भाई : 5 बहन : 1 2. नाम : शादाब काम : हथियार तस्करी शिक्षा : दसवीं पिता : जुल्फीकार मां : नूरजहां भाई : 2 बहन : 5 बच्चे : 3 3. नाम : अमजद उर्फ बॉबी काम : हथियार तैयार करना शिक्षा : दसवीं पिता : रहीमुद्दीन पत्नी : शहाना भाई : 1 बहन : 1 बच्चे : 2 4. नाम : दिलशाद काम : हथियार बनाना शिक्षा : छठी फेल पिता : फैमुद्दीन पत्नी : गुलबदन भाई : 02 बहन :01 बच्चे : 02 5. नाम : हसीन (कारपेंटर) काम : हथियार बनाने में मदद शिक्षा : 5वीं पिता : ग्यासुद्दीन भाई : 01 बहन : 02 जिला पंचायत सदस्य का बेटा है मोईन गैंग का सरगना अमजद उर्फ बॉबी है लेकिन मुख्य किरदारों में एक नाम मोईन का भी शामिल है। मोईन वार्ड 30 की जिला पंचायत सदस्य मुन्नी का बेटा है।इससे पहले मोईन के पिता अब्दुल जब्बार भी दो बार गांव राधना इनायतपुर के प्रधान रह चुके हैं। वर्तमान में मोईन के बड़े भाई वसीम की पत्नी तबस्सुम ग्राम प्रधान हैं।इमो और स्नैप चेट का करते हैं उपयोग यह गिरोह मैन्युअल काम करने से परहेज करता था। डील के लिए ऑनलाइन ऐप इमो का प्रयोग करता था जो सोशल नेटवर्किंग के लिए पूरी तरह वैब आधारित है और चेटिंग के लिए सुरक्षित है।

# प्रॉपर्टी के लालच में पत्नी की हत्या, पति गिरफ्तार

**नोएडा में 7 मई को हुई थी वारदात, फॉर्च्यूनर भी बरामद**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की हत्या के आरोप में उसके पति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने करोड़ों रुपये की संपत्ति के लालच में अपनी पत्नी मोनिका नागर की हत्या की। घटना में इस्तेमाल की गई फॉर्च्यूनर गाड़ी भी बरामद कर ली गई है।दादरी थाना प्रभारी दीनानाथ यादव ने जानकारी दी कि घोड़ी बछेड़ा गांव निवासी अनुज चौहान ने फरवरी में मोनिका नागर से प्रेम विवाह किया था। आरोप है कि अनुज मोनिका को दहेज के लिए प्रताड़ित करता था। मोनिका की हत्या 7 मई को पीट-पीटकर की गई थी।मृतका की मां ने पति अनुज चौहान समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने अनुज को हजरतपुर गांव से सूरजपुर की ओर जाने वाले रास्ते पर नहर के पास से गिरफ्तार किया।

# सुसाइड से पहले मोनिका ने बनाया वीडियो

## 6 मिनट के वीडियो में रोती रही, बोली- मैं अपनी मर्जी से जा रही हूं; फिर लगा लिया फंदा

अमन लेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा के घोड़ी बछेड़ा गांव में संदिग्ध हालात में मौत का शिकार हुई 22 वर्षीय मोनिका नागर केस में अब एक नया और बेहद अहम वीडियो सामने आया है। मौत के चार दिन बाद वायरल हुए इस वीडियो ने पूरे मामले को और उलझा दिया है।करीब 6 मिनट 13 सेकंड के वीडियो में मोनिका बेहद तनाव और मानसिक पीड़ा में दिखाई दे रही है। वीडियो की शुरूआत में मोनिका कैमरे के सामने रोते हुए कहती है कि वह अपनी मर्जी से यह कदम उठा रही है।वीडियो में उसकी हालत, टूटे हुए शब्द और लगातार रोना यह संकेत देते हैं कि वह गहरे मानसिक दबाव में थी। वीडियो में आगे फांसी लगाने तक के विचलित करने वाले दृश्य भी रिकॉर्ड बताए जा रहे हैं हालांकि, वीडियो सामने आने के बाद भी मायके पक्ष इसे आत्महत्या मानने को तैयार नहीं है। मोनिका की मां ने पति अनुज चौहान समेत सात लोगों पर हत्या, मारपीट और प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं।परिवार का कहना है कि मोनिका ने प्रेम विवाह किया था, लेकिन शादी के बाद उसे संपत्ति और पैसों को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा।परिजनों के मुताबिक, 7 मई को मोनिका ने अपने भाई को फोन कर बताया था कि ससुराल वाले उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। जब परिवार घोड़ी बछेड़ा गांव पहुंचा तो मोनिका मृत मिली। आरोप है कि बाद में शव को सड़क किनारे ले जाकर जलाने का प्रयास भी किया गया, ताकि सबूत मिटाए जा सकें।पुलिस के अनुसार, मोनिका और अनुज ने करीब तीन महीने पहले कोर्ट मैरिज की थी। शुरूआती जांच में पैसों के लेन-देन और पारिवारिक विवाद की बात सामने आई है। मामले में मुख्य आरोपी पति अनुज चौहान को गिरफ्तार कर लिया गया है।अब पुलिस वायरल वीडियो की फोरेंसिक जांच कर रही है।

# नोएडा हिंसा मामले में बड़ा एक्शन

## सत्यम वर्मा और आकृति पर लगा एनएसए , पुलिस बोली- साजिश कर भीड़ को भड़काया था

अमन लेखनी समाचार



नोएडा,13 अप्रैल को हुए हिंसक प्रदर्शन मामले में पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी दंडात्मक कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सत्यम वर्मा और आकृति पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगा दिया है।पुलिस कमिश्नरेट नोएडा की इस कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं, क्योंकि ठरअ के तहत प्रशासन लंबे समय तक हिरासत में रखने की कार्रवाई कर सकता है। जांच में सामने आई साजिश की परतेंपुलिस द्वारा गठित विशेष जांच दल और स्थानीय इंटेलिजेंस की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 13 अप्रैल की हिंसा अचानक नहीं भड़की थी, बल्कि इसके पीछे सुनियोजित साजिश रची गई थी।जांच में पाया गया कि सत्यम वर्मा और आकृति ने प्रदर्शन से पहले ही इसकी रणनीति तैयार कर ली थी। आरोप है कि दोनों ने फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए भड़काऊ संदेश फैलाए और बड़ी संख्या में लोगों को एकत्रित किया।पुलिस का दावा है कि सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल डेटा और गवाहों के बयान के आधार पर यह स्पष्ट हुआ है कि प्रदर्शन के दौरान दोनों आरोपी भीड़ को लगातार उकसा रहे थे, जिसके बाद हालात हिंसक हो गए।क्या था पूरा मामला ?13 अप्रैल को नोएडा के एक प्रमुख इलाके में हुए प्रदर्शन ने अचानक हिंसक रूप ले लिया था। प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया और पुलिस बल पर पथराव भी हुआ था।

## मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112 आपातकालीन सेवा

1090 / 1091 महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181 महिला हेल्पलाइन

1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

## चक्रवाती आंधी-तूफान ने मचाई तबाही, स्कूल की बाउंड्री हुई धराशायी

**अमन लेखनी समाचार**



चोपन/सोनभद्र। बुधवार की सायंकाल अचानक मौसम ने करवट ली और तेज चक्रवाती आंधी-तूफान ने नगर क्षेत्र में भारी तबाही मचा दी। तेज हवाओं और धूल भरी आंधी के चलते लोग संभल पाते उससे पहले ही कई स्थानों पर टीन शेड, झुग्गी-झोपड़ियां एवं पेड़ हवा में उड़ गए। आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि नगर स्थित रेल कर्मचारी इंटर कॉलेज की बाउंड्रीवाल भी भरभराकर गिर गई, जिससे आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं कई जगह बिजली के पोल एवं तार क्षतिग्रस्त हो गए, जिसके चलते नगर के अधिकांश क्षेत्रों में पूरी रात विद्युत आपूर्ति बाधित रही। अचानक बिजली गुल होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। तूफान थमने के बाद विद्युत विभाग की टीम देर रात तक बिजली व्यवस्था बहाल करने में जुटी रही। विद्युत कर्मियों ने क्षतिग्रस्त तारों और पोलों को ठीक कर कई इलाकों में देर रात आपूर्ति चालू करा दी, जबकि कुछ क्षेत्रों में गुरुवार सुबह तक मरम्मत कार्य चलता रहा।

## महिला आरोग्य समिति की सदस्य डायरिया नियंत्रण में निभाएंगी बड़ी भूमिका

**खेल–खेल में मिला शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से बचाव का संदेश**

**हर बार पतली दस्त होने के बाद बच्चे को जरूर दें ओआरएस : डॉ. शोभा**

**अमन लेखनी समाचार**



फरुर्खाबाद, 15 मई आगामी 16 जून से शुरू होने वाले डायरिया रोको अभियान को सफल बनाने के लिए अभी से विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है इसी क्रम में शुक्रवार को डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत शहर के मोहल्ला कूंचा भवानी दास में नगरीय स्वास्थ्य केंद्र रकाबगंज की चिकित्साधिकारी डॉ. शोभा सक्सेना की अध्यक्षता में महिला आरोग्य समिति की बैठक हुई बैठक में उन्होंने समिति की सदस्यों से डायरिया नियंत्रण अभियान को सफल बनाने की अपील के साथ ही बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने के जरूरी टिप्स भी दिए बैठक के दौरान डायरिया ग्रसित दो बच्चों को देखा गया और उनको ओआरएस और जिंक निर्धारित मात्रा में देते हुए उसके प्रयोग के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गयी। इसके साथ ही बैठक में उपस्थित लोगों को टीकाकरण, आयुष्मान भारत योजना, परिवार नियोजन के साधनों के उपयोग व अन्य स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया डॉ. शोभा ने कहा कि बच्चों की सही देखभाल के साथ स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखा जाए ताकि बच्चे डायरिया समेत अन्य संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित बने रहें डायरिया से बचने के लिए हमें अपनी नजदीक की आशा कार्यकर्ता से संपर्क करना चाहिए उन्होंने कहा कि दिन भर में अगर बच्चे को दो या तीन से अधिक बार पानी जैसी पतली दस्त आए तो बच्चे को आशा कार्यकर्ता द्वारा दी जाने वाली जिंक की गोली और ओआरएस का सेवन बताई गयी मात्रा के अनुसार ही कराएं जिससे बच्चे के शरीर में पानी की कमी न होने पाए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. सर्वेश यादव ने बताया कि आगामी 16 जून से चलने वाले डायरिया रोको अभियान को सफल बनाने के लिए और बच्चों को डायरिया जैसे जानलेवा रोग से बचाने के लिए जनसामान्य का भी सहयोग लिया जाएगा बैठक के दौरान पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) से अनुपम मिश्र, एएनएम योगेंद्रवती, महिला आरोग्य समिति की अध्यक्ष कोमल, आशा पारुल सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

**खास समाचार**

## ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार उठाने पर किसान नेता के घर हमला, जान से मारने की धमकी का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**

हरदोई। अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोड़वा खेम में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना भारतीय किसान यूनियन धरतीपुत्र संगठन के कार्यकर्ता रिंकू यादव को भारी पड़ गया। किसान नेता ने ग्राम प्रधान समेत कई लोगों पर घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। रिंकू यादव ने मुख्यमंत्री पोर्टल, पुलिस अधीक्षक हरदोई तथा स्थानीय थाने में शिकायती पत्र देकर बताया कि उन्होंने ग्राम पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ संगठन के माध्यम से आवाज उठाई थी। आरोप है कि इसी नाराजगी में ग्राम प्रधान सुशील कुमार सिंह ने 10 मई को अपने समर्थकों के साथ उनके घर पर हमला कराया। शिकायत के अनुसार, घटना के समय रिंकू यादव घर पर मौजूद नहीं थे। आरोप है कि ग्राम प्रधान के साथ विमलेश रावत, राजाराम, गुड्डू, अखिलेश, सुंदर तथा महिला रामदेवी, फूलमती और रामरानी समेत 15 अज्ञात लोग घर में घुस आए और परिवार की महिलाओं व अन्य परिजनों के साथ गाली-गलौज व मारपीट की। रिंकू यादव का आरोप है कि आरोपियों ने असलहा लहराते हुए धमकी दी कि यदि वह कहीं दिखाई पड़ा तो उसे जान से मार दिया जाएगा। साथ ही फर्जी दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद किसान नेता और उसका परिवार डरा-सहमा हुआ है। पीड़ित ने मामले में निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## गरौठा नगर पंचायत में शोकसभा आयोजित

**नगर पंचायत ईओ के पिता के निधन पर जताया शोक**

**अमन लेखनी समाचार**



गरौठा (झांसी)। नगर पंचायत गरौठा के अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार प्रियदर्शी के पिता रामवृक्षराम के आकस्मिक निधन पर नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर अरुण कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शोकसभा आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में लेखा लिपिक सोनू यादव, बृजकिशोर मिश्रा, मानवेंद्र सिंह, पार्षद भारती अग्रवाल, दृगपाल पटेल, दीपक गुप्ता, राजेंद्र अहिरवार, फजल खान सहित नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से अधिवक्ता घायल, नाक बीच से कटी

**अमन लेखनी समाचार/अभिषेक सिंह**

संडीला। संडीला क्षेत्र में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की चपेट में आने से एक अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनकी नाक बीच से कट गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए चाइनीज मांझे की बिक्री और उपयोग पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। बेंहदर क्षेत्र के ग्राम मनकनी निवासी राधेश्याम पुत्र गंगा प्रसाद पेशे से अधिवक्ता हैं। शुक्रवार शाम करीब छह बजे वह बाइक से ग्राम समद खेड़ा मजरा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सड़क से गुजरते समय अचानक हवा में उड़ रहा प्रतिबंधित चाइनीज मांझा उनके चेहरे से टकरा गया। मांझा इतना धारदार था कि उनकी नाक बीच से कट गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें संभाला और परिजनों को सूचना दी। परिजन उन्हें इलाज के लिए उन्नाव रोड स्थित सेवा हॉस्पिटल, संडीला ले गए, जहां उनका उपचार चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार अधिवक्ता को गहरा घाव आया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रतिबंध के बावजूद क्षेत्र में खुलेआम चाइनीज मांझे की बिक्री जारी है, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रतिबंधित मांझे की बिक्री करने वालों और इसका इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

## घोरावल पुलिस द्वारा हत्या के मुकदमे में वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार

सोनभद्र। में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक घोरावल बृजेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना घोरावल पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 14.05.2026 को थाना घोरावल पुलिस टीम द्वारा खुटहां मोड़ बाईपास पर चेकिंग के दौरान थाना घोरावल पर पंजीकृत मु0अ0सं0 250/2025 धारा 3(5), 61(2), 103(1) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त अशोक गौड़ उर्फ अशोक मांझी पुत्र छोटक गौड़ निवासी ग्राम पेढ़ थाना घोरावल जनपद सोनभद्र उम्र करीब 22 वर्ष को समय करीब 09:30 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम लगातार प्रयासरत थी। दिनांक 08.12.2025 को खुटहा बाईपास पर ट्रक संख्या यूपी 70 डीटी 7488 द्वारा क्रेटा कार को टक्कर मारने से कार चालक राजेश यादव निवासी ग्राम पेढ़ थाना घोरावल की मृत्यु हो गई थी। प्रारंभिक जांच में घटना सड़क दुर्घटना प्रतीत हुई थी, किन्तु विवेचना के दौरान घटनास्थल निरीक्षण, भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों तथा कॉल डिटेल रिकॉर्ड के विश्लेषण से यह तथ्य प्रकाश में आया कि घटना सुनियोजित हत्या थी।

## NTA NEET पेपर लीक के विरोध में सोनभद्र में ABVP द्वारा पुतला दहन किया गया

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित NEET परीक्षा में सामने आई धांधली और पेपर लीक के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (ओबरा डिग्री कॉलेज) के मुख्य द्वार पर जोरदार प्रदर्शन किया। देश के लाखों होनहार छात्रों के भविष्य के साथ हुए इस खिलवाड़ के खिलाफ परिषद के कार्यकर्ताओं ने NTA का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की। और प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अइश्ढ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं छात्र नेता ओबरा डिग्री कॉलेज मनमोहन निषाद ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सेंध लगाने वाले शिक्षा माफिया देश के युवाओं के सबसे बड़े दुश्मन हैं। सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए पेपर लीक गिरोह के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। ठळअ की जवाबदेही तय हो: विद्यार्थी परिषद ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की पूरी कार्यप्रणाली की उच्च स्तरीय जांच और एजेंसी के तत्काल पुनर्गठन की मांग उठाई है। ठळअ को जिस उद्देश्य से स्थापना किया गया था वह अपने उद्देश्य से भटक चुका है जब तक पीड़ित छात्रों को न्याय नहीं मिल जाता, तब तक अभाविप छात्रों के साथ खड़ा है। वही सोनभद्र विभाग संयोजक सौरभ सिंह पंकज ने कहा कि ठळअ द्वारा 14 बार महत्वपूर्ण परीक्षाओं का पेपर लीक होना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है और ठळअ द्वारा छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना बंद करना चाहिए और इस पेपर लीक में संलिप्त सभी दोषियों के ऊपर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान महाविद्याल इकाई मन्त्री कार्तिक तिवारी, अभय प्रताप सिंह ,शिखर सोनी, शिवम अग्रहरि, नील प्रताप सिंह लकी पाठक मंगल भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## आंधी एवं बारिश से हुई जनहानि पर प्रशासन संवेदनशील, मृतकों के परिजनों को तत्काल मिली 4-4 लाख की सहायता राशि

**मृतकों के परिजनों को 24 घंटे में मिली 4-4 लाख की सहायता राशि।**

**अमन लेखनी समाचार**




सोनभद्र। जनपद में बीते दिवस तेज आंधी एवं हल्की बारिश के दौरान हुई दुःखद घटनाओं में मृत व्यक्तियों के परिजनों को तत्काल राहत पहुंचाते हुए जिला प्रशासन ने संवेदनशीलता एवं तत्परता का परिचय दिया है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देश पर राज्य आपदा मोचक निधि से मृतकों के परिजनों के खातों में 4-4 लाख रुपये की अहेतुक सहायता राशि भेजने की कार्यवाही युद्धस्तर पर पूर्ण करायी गयी। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया था कि आंधी व बारिश के कारण हुई जनहानि के मामलों में पंचनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर तत्काल पूर्ण कराते हुए सहायता राशि शीघ्र उपलब्ध करायी जाये, ताकि पीड़ित परिवारों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी रॉबर्ट्सगंज आंधी बारिश की दुर्घटना में मृतक महेंद्र घर जाकर परिजनों से मुलाकात की और कहा कि शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। निर्देश के क्रम में उप जिलाधिकारी ओबरा द्वारा मृतका कमलावती पत्नी रामनरेश चेरो निवासी ग्राम हर्रा, तहसील ओबरा के मामले में विशेष संवेदनशीलता दिखाते हुए पोस्टमार्टम की कार्यवाही पूर्ण करायी गयी। मृतका के पति का बैंक खाता पूर्व में न होने के कारण तत्काल बैंक खाता खुलवाकर सहायता राशि प्रेषित करने की प्रक्रिया पूर्ण करायी गयी आंधी एवं बारिश से मृत व्यक्तियों में महेन्द्र पुत्र कल्लू उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम खड़ुई, परगना विजयगढ़, तहसील रॉबर्ट्सगंज, रामविलास पुत्र रामजनम उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम डोमरिया, विजयगढ़, तहसील रॉबर्ट्सगंज तथा कमलावती पत्नी रामनरेश चेरो उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम हर्रा, तहसील ओबरा शामिल हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद प्रशासन द्वारा त्वरित गति से राहत सहायता उपलब्ध कराये जाने की आमजन द्वारा सराहना की जा रही है।

## एसपी सोनभद्र व एसओ रायपुर 19 मई को हाईकोर्ट में तलब

**–कोर्ट ने एसपी सोनभद्र से हलफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा है कि भाइयों के बीच संपति बटवारे के विवाद में पुलिस ने इस तरह का हस्तक्षेप क्यों किया।**

**–कोर्ट ने पुलिस स्टेशन का सीसीटीवी फुटेज भी दाखिल करने को कहा है।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जेजे मुनीर व तरुण सक्सेना की अदालत ने सोनभद्र के वरिष्ठ अधिवक्ता हरि प्रसाद यादव के पैतृक आवास के बटवारे से सम्बंधित मामले में सोनभद्र एसपी व रायपुर एसओ को 19 मई को हाईकोर्ट में तलब किया है। यह आदेश सोनभद्र के वरिष्ठ अधिवक्ता हरि प्रसाद यादव व उनके पुत्रों सुखपाल यादव व सत्यपाल यादव के जरिए दाखिल रिट याचिका पर 11 मई को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दिया है। कोर्ट ने कहा है कि सोनभद्र के पुलिस अधीक्षक अपना स्वयं का हलफनामा (प्रां्प्र३) दाखिल कर यह बताएं कि भाइयों के बीच संपत्ति के बंटवारे से संबंधित विवाद में पुलिस ने इस प्रकार हस्तक्षेप क्यों किया और पार्टियों को पुलिस स्टेशन क्यों लाया गया, जैसा कि कहा जा रहा है। पुलिस स्टेशन के उस समय के सीसीटीवी (उउळश) फुटेज, जब पुलिसकर्मी के याचिकाकताओं के हाथों घायल होने की बात कही गई है, कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किए जाएं। यह कार्य एक सप्ताह के भीतर किया जाना चाहिए। अगली सुनवाई 19.05.2026 तक के लिए स्थगित की जाती है। इसे नए मामले (ाशीरॅूशी) के रूप में लिया जाएगा। सूचीबद्ध होने की अगली तारीख तक, याचिकाकताओं अर्थात हरि प्रसाद यादव, सुखपाल और सत्यपाल को थाना रायपुर, सोनभद्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 115(2), 121(1), 132, 221 के तहत दर्ज केस अपराध संख्या 58/2026 में गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। रजिस्ट्रार (अनुपालन) को निर्देशित किया जाता है कि वे इस आदेश की सूचना अगले 24 घंटों के भीतर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सोनभद्र के माध्यम से पुलिस अधीक्षक, सोनभद्र और थाना अध्यक्ष, रायपुर, सोनभद्र को भेजें।

## चोपन में डूडा विभाग के निर्माण कार्यों का हुआ स्थलीय निरीक्षण, अधूरे कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

**अमन लेखनी समाचार**



चोपन। नगर में डूडा विभाग द्वारा कराए गए विभिन्न निर्माण कार्यों का गुरुवार को स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम में परियोजना अधिकारी डूडा सुधांशु शेखर शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली एवं अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह शामिल रहे। अधिकारियों ने सर्वप्रथम मान्यवर कांशीराम आवास परिसर पहुंचकर वहां कराए गए निर्माण कार्यों का जायजा लिया।इसके बाद नगर पंचायत के विस्तारित क्षेत्रों में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, साफ-सफाई एवं प्रगति की समीक्षा की गई। वहीं कुछ कार्य अधूरे पाए जाने पर संबंधित ठेकेदारों को तत्काल कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने कहा कि नगरवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पहुंचे, इसके लिए समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधूरे कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।परियोजना अधिकारी डूडा सुधांशु शेखर शर्मा ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान जिन स्थानों पर कमियां मिली हैं, उन्हें तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सभी कार्य मानकों के अनुरूप पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया गया है। अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों की लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी परियोजनाओं को तेजी से पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान अवर अभियंता जितेन्द्र तिवारी भी मौजूद रहे।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

**सैम–मैम बच्चों को ए0आर0सी0 सेन्टर में कराया जाय भर्ती, स्वास्थ्य का नियमित रूप से किया जाये परीक्षण–जिलाधिकारी**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय), बैठक में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आई०सी०डी०एस० विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के जनपद एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में होने वाली सभी डिलीवरी की प्रभावी ट्रैकिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट होना चाहिए कि डिलीवरी सरकारी चिकित्सालयों में हो रही है अथवा निजी अस्पतालों में। सभी आशा एवं एएनएम कार्यकर्ताओं के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की जानकारी संकलित कर उनसे नियमित संपर्क बनाए रखने तथा संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिक से अधिक संस्थागत प्रसव स्वास्थ्य केंद्रों पर कराए जाएं तथा इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्रों व प्राइवेट चिकित्सालयों के अतिरिक्त जो डिलेवरी घरो पर होती है उन सभी डिलेवरी की ट्रेकिंग की जाये सभी एमवाईसी इसके सम्बन्ध में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस दौरान उन्होने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सैम-मैम बच्चें जो अत्यधिक कमजोर है उन्हें एनआरसी सेन्टर में भर्ती कराया जाय। जब तक वह स्वस्थ्य न हो उन्हें एनआरसी सेन्टर में ही भर्ती रखा जाये इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। प्रत्येक स्वास्थ्य इकाई पर साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये तथा जो कर्मी साफ-सफाई के लिये नियुक्त किया गया है उसके कार्यों में लापरवाही पायी जाती है तो चयनित एजेंसी को सूचित कर तत्काल हटाये जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ किया जाये। लक्ष्य के सापेक्ष ए०एन०सी० पंजीकरण एवं प्रसव की समीक्षा आप्शा एवं ए०एन०एम० स्तर पर करते हुए स्थिति में सुधार लाया जाये। प्रत्येक माह हुए मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु की आडिट कराते हुए लाईन लिस्ट एवं आडिट रिपोर्ट समिति के समक्ष प्रस्तुत करें। डी०पी०ओ० आई०सी०डी०एस० को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक माह ब्लाक स्तर पर सैम बच्चों की सूची सम्बन्धित अधीक्षक/प्रभारी चिकित्साधिकारी से साझा करते हुए बच्चों का उचित चिकित्सकीय प्रबन्धन कराते हुए सी०एच०ओ० के माध्यम से ई-कवच पोर्टल पर उपलोड कराना सुनिश्चित करें। आर0बी0एस0 के टीम द्वारा नियमित रूप से आशा आगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण कर बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण कराया जाय। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 पंकज कुमार राय, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## पैरा क्रिकेटर आमिर पर बनेगी बायोपिक, निशिल करेंगे निर्देशन

**मुंबई।** जम्मू-कश्मीर पैरा क्रिकेट टीम के कप्तान आमिर हुसैन लोन अपनी जबरदस्त काबिलियत के लिए जाने जाते हैं। वह उन युवाओं के लिए प्रेरणा हैं जो छोटी-छोटी बातों पर मायूस हो जाते हैं।

आमिर के दोनों हाथ नहीं हैं। वह गर्दन और कंधे में बैट फंसा कर बैटिंग करते हैं। वह पैरों से गेंदबाजी करते हैं। उनकी जिंदगी पर एक फीचर फिल्म बनने वाली है। कान फिल्म फेस्टिवल में इसका ऐलान हुआ है। इस अपकमिंग फिल्म का निर्देशन निशिल शेठ करेंगे। वह भारतीय लेखक और निर्देशक हैं। उनकी पहली फीचर फिल्म 'भस्मासुर' का प्रीमियर अंतरराष्ट्रीय फेस्टिवल सर्किट में हुआ था। इस फिल्म को कई प्रतियोगिताओं में पुरस्कार मिले थे।

**लाइफ Style**




## तारा
## काले चश्मे ने जड़ दिए चार चांद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कान फिल्म फेस्टिवल 2026 में तारा सुतारिया ने पहले लुक से सबका ध्यान खींचा था। अब उन्होंने एक और खूबसूरत लुक के साथ वापसी की है। इस बार उन्होंने भारी-भरकम गाउन की जगह सरल और एलिगेंट स्टाइल चुना, जिसमें वह बेहद हसीन दिख रही हैं।

तारा ने यह ब्लैक ड्रेस लुक 'रेड सी वुमन इन सिनेमा' के कार्यक्रम के लिए लिया है। रोमानियाई डिजाइनर रिया कोस्टा की इस ड्रेस को तान्या घावरी ने स्टाइल किया है। तारा ने ब्लैक ड्रेस में डलीला नाम का ऑफ-शोल्डर कॉर्सेट टॉप पहना है, जो शरीर पर अच्छे से फिट बैठता है। इसके साथ मैचिंग काली मिडी स्कर्ट है, जिसमें हल्की प्लेट्स और पीछे छोटी सी स्लिट बनी है। तारा का यह पूरा लुक क्लासिक काले रंग का है, जो न ज्यादा भड़कीला है और न ही पुराना लगता है। जो बहुत महंगा और स्टाइलिश दिखता है। कान जैसे बड़े फेस्टिवल में जहां भारी गाउंस हर तरफ दिखते हैं, तारा का यह एलिगेंट और ताजा लुक अलग और खास है। एक्सेसरीज की बात करें तो तारा ने विंटेज शनेल इयररिंग्स के साथ सेंट लॉरेंट के काले सनग्लासेस पहने हैं। इसके साथ तारा ने जिमी चू हील्स से अपने लुक को और भी इनहैंस किया है। तारा सुतारिया ने ज्यादा गहने नहीं पहने। हल्का मेकअप, तरोताजा चेहरा और सुंदर बालों के साथ उन्होंने अपने पूरे लुक को परफेक्ट बनाया है। तारा ने इस लुक से साबित कर दिया कि रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरने के लिए भारी गाउन की जरूरत नहीं है।

**हॉलीवुड मसाला**



## विन का मस्ती भरा अंदाज

**पेरिस।** द फास्ट एंड द फ्यूरियस की स्टार कास्ट कान फेस्टिवल में अपनी फिल्म का प्रमोशन करने पहुंची थी। फिल्म की स्क्रीनिंग से पहले रेड कारपेट पर स्टार कास्ट का मस्ती भरा अंदाज भी दिखा। विन डीजल ने तो महफिल ही लूट ली। फिल्म की स्क्रीनिंग से पहले इनका मस्ती भरा अंदाज भी देखने को मिला। विन डीजल फिल्म 'द फास्ट एंड द फ्यूरियस' के लीड एक्टर हैं। इस फ्रैंचाइज फिल्म का वह अहम हिस्सा हैं। कान फिल्म फेस्टिवल में वह सबसे ज्यादा मस्ती करते दिखे।



## फीफा विश्व कप में शकीरा-मैडोना और बीटीएस करेंगे परफॉर्म

**लॉस एंजिल्स।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में दर्शकों को खेल के साथ-साथ फुल एंटरटेनमेंट भी मिलने वाला है। क्योंकि, फाइनल में एक नहीं बल्कि कई इंटरनेशनल स्टार्स की परफॉर्मेंस देखने को मिलेगी। टूर्नामेंट के पहले हाफटाइम शो में मैडोना, शकीरा और बीटीएस के कलाकार परफॉर्म करते नजर आएंगे। इन कलाकारों के नाम आज घोषित कर दिए गए हैं। ग्लोबल सिटिजन ने इस बारे में घोषणा करते हुए बताया कि मैडोना, शकीरा और बीटीएस के आर्टिस्ट 19 जुलाई को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में होने वाले विश्व कप फाइनल में परफॉर्म करेंगे। बिलबोर्ड के अनुसार, हाफटाइम शो लगभग 11 मिनट का होगा। यह घोषणा एक मजेदार सोशल मीडिया वीडियो के जरिए की गई, जिसमें कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन के साथ एल्मो, कुकी मॉन्स्टर, करमिट और मिस पिग्गी जैसे पॉपुलर किरदार नजर आए।



## राकेश ने कहा, अब मेरा चालान मत काटना

**मुंबई।** धुरंधर और धुरंधर 2 के बाद से ही राकेश बेदी इंटरनेट पर सबके फेवरेट बने घूम रहे हैं। हालांकि, इस वक्त वो सिर्फ अपनी एक्टिंग के लिए नहीं बल्कि एक वीडियो को लेकर चर्चा में हैं। दिग्गज एक्टर का एक मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर छाया है, जिसमें उन्हें ट्रैफिक पुलिस के कुछ अधिकारियों ने पहचान लिया है और वे फिल्म 'धुरंधर' में उनके किरदार से याद कर रहे थे। हमेशा की तरह अपने जाने-पहचाने अंदाज में बेदी ने जरा भी हिचकिचाए बिना तुरंत अपने स्वाभाविक मजाकिया अंदाज में कहा, 'अब चालान मत काट देना।' यूट्यूब शो 'द बॉम्बे जर्नी' के नए एपिसोड के एक क्लिप में राकेश बेदी नज़र आ रहे हैं। कैप्शन में लिखा था, 'ऐसा रोज-रोज नहीं होता कि आप ट्रैफिक पुलिस को फैनबॉय बनते हुए देखें!'



## किंग से लीक हुआ अभिषेक का धांसू लुक

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की मच अवेटेड फिल्म किंग अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। फिल्म से शाहरुख खान का लुक पिछले साल मेकर्स ने जारी किया था। इसके बाद बीते दिनों शूटिंग के दौरान के फोटो-वीडियो सामने आए थे, जहां शाहरुख के साथ दीपिका नजर आई थीं। अब फिल्म से अभिषेक बच्चन का लुक ऑनलाइन लीक हो गया है। अब ये लुक सोशल मीडिया पर वायरल है। फिल्म को लेकर सामने आई रहीं चर्चाओं के मुताबिक, अभिषेक किंग में विलेन के रूप में नजर आएंगे। ऑनलाइन लीक हुए लुक में भी उनका खतरनाक अंदाज देखने को मिल रहा है। वायरल हो रही फोटो में अभिषेक बच्चन एक गाड़ी के ऊपर खड़े नजर आ रहे हैं। उनके हाथों में शॉटगन है।

**टीवी मसाला**



## छोटे पर्दे पर काम नहीं करना चाहते थे सचिन, 'तू तू, मैं मैं' सीरियल ने बदली सोच

**नई दिल्ली।** हिंदी और मराठी फिल्मों में पिछले कई दशक से सक्रिय अभिनेता सचिन पिलगांवकर ने यूं तो टीवी में प्रतिशोध, तू तोता मैं मैना समेत कई धारावाहिकों में काम किया है। साथ ही कई धारावाहिकों का निर्देशन भी किया है। हालांकि, एक समय था, जब वह टीवी को निचले स्तर का काम समझते थे। उनका सोच बदला धारावाहिक तू तू,मैं मैं की सफलता के बाद। इस बारे में सचिन कहते हैं- मेरे एक दोस्त हैं, श्रेय गुलेरी। उन्होंने मुझसे कहा कि तुम हमारे लिए धारावाहिक बनाओ। उस समय मैं टीवी माध्यम को थोड़ा निचले स्तर का देखता था, जो कि गलत था। मैंने उनसे कहा कि नहीं यार, टीवी में काम नहीं करना है। मैं फिल्मों में काम करने वाला आदमी हूं, वहीं रहने दो। उन्होंने छह महीने मेरा पीछा नहीं छोड़ा। उनके बार-बार कहने पर मैंने उनके साथ मीटिंग की। तब उन्होंने बताया कि वह बड़े स्तर पर फतांसी धारावाहिक बनाना चाहते हैं। उनके प्रोडक्शन में बना धारावाहिक चंद्रकांता इससे पहले दूरदर्शन पर सुपरहिट हो चुका था। लेखक संजीव कपूर ने कुछ दिनों पहले मुझे सास बहू की एक कहानी सुनाई थी, उसका नाम भी उन्होंने सास बहू ही रखा था।

### आप स्टार कहां हैं..डैडी हैं : कश्मीरा

**मुंबई।** सब कुछ बच्चों के हिसाब से होता है। मां बनने के बाद अभिनेत्री कश्मीरा शाह के लिए जिंदगी कैमरे तक सीमित नहीं रही। उनका हर फैसला बच्चों के आसपास घूमता है। मां बनने के बाद कश्मीरा ने छह साल तक काम से दूरी बनाई थी, लेकिन फिर उन्हें समझ आया कि कामकाजी मां होना जरूरी है। वह कहती हैं कि भले ही कामकाजी महिला को मॉम गिल्ट होता है, मुझे भी है, लेकिन यह अपनी पहचान खोने से बेहतर है। मैंने और कृष्णा (अभिषेक) ने तय किया था कि जब वह काम करेंगे तो मैं नहीं करूंगी, जब मैं करूंगी तो वो घर पर रहेंगे। कृष्णा को मुझसे ज्यादा काम मिल रहा था, मैं बच्चों की परवरिश के लिए कई कामों को मना कर रही थी, लेकिन फिर एक दिन वास्तविकता से सामना हुआ। मैं स्क्वाश खेलकर आई थी, स्पोर्ट्स के कपड़ों में थी। मेरी बिल्डिंग की पार्किंग में कई बार कारपेंटर अपना सामान रख देते हैं। कुछ वर्कर्स मुझे घूर रहे थे। मेरे छोटे बेटे को गुस्सा आया। मैं उससे यह नहीं कह सकती थी कि मैंने शॉर्ट ड्रेस पहनी है, इसलिए शायद वे मुझे देख रहे होंगे। मैंने कहा कि आपकी मां स्टार हैं, इसलिए देख रहे हैं। बेटे ने कहा कि आप स्टार कहां हैं वो तो डैडी हैं।

## कैलोरी के लिए अनुपम को मिला बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड

**मुंबई।** अनुपम खेर ने कनाडाई-भारतीय फिल्म 'कैलोरी' में बेहतरीन अभिनय किया है। फिल्म में शानदार काम के लिए अनुपम को यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल 2026 की ओर से बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का फ्लेम अवॉर्ड मिला है। इस फिल्म की डायरेक्टर ईशा मरजारा हैं। फिल्म को फेस्टिवल में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड भी मिला है। अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर यह जानकारी शेयर करते हुए लिखा कि 'कैलोरी' में उनका यह रोल उनके करियर की सबसे ज्यादा इमोशनल और मुश्किल परफॉर्मेंस में से एक था। उन्होंने बताया कि यह किरदार असल जिंदगी की कहानियों से प्रेरित था, इसलिए यह उनके लिए बहुत चुनौती भरा और थकाने वाला अनुभव रहा।



अनुपम खेर ने आगे लिखा, 'दशकों तक इंडस्ट्री में काम करने के बाद विदेशी फिल्म के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर तारीफ मिलना बहुत अच्छा लगता है।' इसके साथ ही उन्होंने फिल्म की पूरी टीम को बधाई दी, खासकर डायरेक्टर ईशा मरजारा और प्रोड्यूसर जो ब्लास को। साथ ही फेस्टिवल की जूरी को भी धन्यवाद कहा। अनुपम को यह सम्मान मिसने की खुशी में कई फिल्मी हस्तियों ने उन्हें बधाई दी है। नीना गुप्ता ने कमेंट में लिखा, 'बधाई हो', अशोक पंडित ने लिखा, 'तहे दिल से बधाई हो खेर साहब।' अनुपम खेर 15 और 16 मई को मुंबई के टाटा थिएटर में अपने नाटक 'जाने पहचाने अनजाने' के साथ स्टेज पर वापसी करने वाले हैं।

## रामायण की रिलीज से पहले रणबीर ने अयोध्या में खरीदी जमीन

**मुंबई।** रणबीर कपूर अब फिल्म रामायण में नजर आने वाले हैं। फिल्म में रणबीर, भगवान राम का किरदार निभाने वाले हैं। अब इस फिल्म की रिलीज के बीच एक्टर को लेकर एक ऐसी खबर सामने आई है जो काफी चर्चा में है। रणबीर ने अयोध्या में द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा के एक प्रीमियम रियल एस्टेट प्रोजेक्ट 'द सरयू' में जमीन खरीदी है। इस डील की कीमत लगभग 3.31 करोड़ है। डेवलपर ने बताया कि यह जमीन 2,134 वर्ग फीट की है और यह शहर लग्जरी ब्रांडेड प्लॉटेड डेवलपमेंट की बढ़ती मांग को दिखाता है। यह पूरा प्रोजेक्ट सरयू नदी के किनारे स्थित 75 एकड़ का प्रोजेक्ट है। इसे The Sarayu by HoABL नाम दिया गया है। इसमें एक क्लबहाउस, 35 से ज्यादा लाइफस्टाइल सुविधाएं और पांच एकड़ में फैला शाकाहारी लग्जरी होटल होगा। इसको द लीला चलाएगा। रणबीर कपूर ने कहा, 'मेरा मानना है कि अयोध्या ने मुझे चुना है और मैंने बस इसका जवाब दिया है। अयोध्या हमारे इतिहास में गहराई से बसा हुआ है और हमारी सांस्कृतिक ताने-बाने का एक अहम हिस्सा है।



## 56 सालों से रूठे सजन को मना रहा लता का गाना, आज भी कल्ट है आशा का सॉन्ग

**नई दिल्ली।** आशा पारेख हिंदी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक मानी जाती हैं। अपने सुनहरे एक्टिंग कॅरियर में उन्होंने कई शानदार मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। उनकी इन फिल्मों के कई गाने ऐसे हैं, जो आज के दौर में भी चर्चित रहते हैं। ऐसे ही एक गीत के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं, जिसे 56 साल पहले लता मंगेशकर ने अपनी मधुर आवाज में गाया था। अभिनेत्री आशा पारेख के जिस गाने के बारे में इस लेख में जिक्र किया जा रहा है, वह 1970 में आई फिल्म आन मिलो सजना से नाता रखता है। इस मूवी में राजेश खन्ना और विनोद खन्ना जैसे कलाकारों ने भी अहम भूमिका को निभाया था। आन मिलो सजना उस दौर की सबसे सफल मूवीज में शुमार हुई थी। जिसका एक बड़ा कारण मूवी का तेरे कारण मेरे साजन रोमांटिक गाना बना था। तेरे कारण मेरे साजन... गीत को सुरों की कोकिला लता मंगेशकर ने अपनी आवाज दी थी और आज रिलीज के 56 साल बाद भी उनका ये सॉन्ग कल्ट माना जाता है। श्रोता इसे सुनना पसंद करते हैं और इस वजह ये हर किसी का फेवरेट भी माना जाता है।



## आज फिल्मों और सीरीज का लगेगा मेला, मनोरंजन का मिलेगा डोज
# सिनेमाहॉल में 2 और ओटीटी पर 7 धांसू सीरीज-फिल्मों का होगा कब्जा

*हर शुक्रवार को फिल्ममेकर्स की धड़कने बढ़ी रहती हैं। सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म तक पर हर फ्राइडे को कोई न कोई ऐसी फिल्म या सीरीज रिलीज होती है, जो दर्शकों को वीकेंड पर बोर होने का मौका नहीं देती। हम अब मई के महीने के तीसरे शुक्रवार में कदम रख रहे हैं और इस वीक न सिर्फ सिनेमाघरों में बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं, बल्कि ओटीटी पर भी सस्पेंस से भरपूर फिल्में और सीरीज मिलने वाली हैं...*



### इंस्पेक्टर अविनाश सीजन 2

जियो हॉटस्टार एक बार फिर से फीयरलेस पुलिस ऑफिसर की दमदार कहानी के सीजन 2 क साथ लौट रहा है। इंस्पेक्टर अविनाश का दूसरा सीजन रिलीज के लिए बिल्कुल तैयार है, जिसमें रणदीप हुड्डा एक बार फिर से अविनाश मिश्रा का दमदार किरदार निभाते हुए दिखाई देंगे। इस बार अविनाश एक राजनीतिक षड्यंत्र का शिकार होगा। रिलीज डेट- 15 मई, प्लेटफॉर्म- जियो हॉटस्टार ,जॉनर- क्राइम थ्रिलर।

### बर्लिन एंड द लेडी विद एन एरमाइन

स्पेनिश क्राइम थ्रिलर बर्लिन के दूसरे सीजन में एक बार फिर से पेड्रो अलोंसो अपने करिश्माई मास्टरमाइंड अवतार में दिखाई देंगी। यह मनी हाइस्ट का प्रीक्वल है। इस बार, बर्लिन लियोनार्डो दा विंची की प्रसिद्ध कृति 'द लेडी विद एन एरमाइन' को चुराने की तैयारी में है। हालांकि, यह चोरी उसे उसके असली मिशन से भटकाने वाली है। रिलीज डेट- 15 मई, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- क्राइम थ्रिलर।

### पति-पत्नी और वो दो

एक नहीं दो नहीं, इस बार पति प्रजापति की मुसीबत तीन गुना ज्यादा बढ़ने वाली है, क्योंकि इस बार अपनी पत्नी के अलावा दो और खूबसूरत लड़कियों के चक्कर में फंसने वाला है। आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी, सारा अली खान और रकुल प्रीत सिंह मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे।

### एग्जाम

एग्जाम एक इंटेंस क्राइम ड्रामा सीरीज है, जिसकी कहानी एक यंग लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक बड़े रीजनल पब्लिक सर्विस एग्जाम स्कैम का भांडा फोड़ने के लिए पुलिस ऑफिसर होने का नाटक करती है।

### कर्तव्य

सैफ अली खान नेटफ्लिक्स पर एक नई दिलचस्प क्राइम थ्रिलर फिल्म के साथ लौट रहे हैं। कहानी एक ऐसे पुलिस ऑफिसर की है, जिसकी ड्यूटी में एक बड़े हाई-प्रोफाइल जर्नलिस्ट की मौत हो जाती है। जब पवन मलिक का किरदार निभाने वाले सैफ अली खान इस केस की जड़ तक जाते हैं, तो उसके सामने यह खुलासा होता है कि इस बड़े षड्यंत्र से कोई शक्तिशाली धर्म गुरु जुड़ी हुई हैं।

### इट्स नॉट लाइक दैट

आठ एपिसोड की इस सीरीज में परिवार, दुःख और दूसरे मौके की जटिलताओं को बड़ी ही गहराई से दर्शाया जाएगा। मैल्कम एक विधवा महिला हैं, जिन्होंने तीन बच्चों को अकेले पाला-पोसा है। लॉरी, जिसका अभी-अभी तलाक हुआ है और वह दो किशोरी बच्चों की मां है। कैसे सिंगल पैरेंट होने की वजह से उन्हें जिंदगी में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, यही इसमें दिखाया जाएगा।

### द क्रैश

नेटफ्लिक्स की ओरिजिनल क्राइम डॉक्यूमेंट्री सीरीज में मैकेंजी शिरिला केस से जुड़े कई शॉकिंग खुलासे होने वाले हैं। जहां ये पता चलेगा कि कार दुर्घटना एक सोची समझी साजिश है। इस डॉक्यूमेंट्री सीरीज में यह पता चलेगा कि कैसे पूरी प्लानिंग करके शिरिला ने जानबूझकर अपनी कार को दीवार से टकरा दिया।